


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

संवत 2082, कार्तिक शुक्लपक्ष 3 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 46 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भारत भविष्य के विकास का इंजन


कृष्णा श्रॉफ का बोल्ड और एलीगेंट अंदाज ◀◀ 6


# आंध्र प्रदेश में चलती बस में लगी आग, 20 जिंदा जले

- टकराकर बस के फ्यूल टैंक में फंसी बाइक, इससे लगी आग 40 यात्री थे सवार थे
- पीएम ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** शुक्रवार तड़के हैदराबाद-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निजी ट्रैवल्स की बस भीषण आग की लपटों में घिर गई, जिससे सफर का सन्नाटा चीखों में बदल गया। हादसा कर्नूल जिले के चिन्नाटेकुर गांव के पास हुआ, जहां बस एक बाइक से टकरा गई और चिंगारी ने देखते ही देखते पूरी बस को राख में बदल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर के कुछ ही सेकंड बाद बस में धमाका हुआ और आग तेजी से फैल गई। करीब 40 यात्रियों में से कई लोग इमरजेंसी एग्जिट से बाहर कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब हुए, लेकिन 20 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कई गंभीर रूप से झुलसे यात्रियों को कर्नूल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर राहत कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे के चलते हाईवे पर लंबा जाम लग गया और ट्रैफिक कई घंटों तक रुका रहा।



कर्नूल के एसपी ने बताया कि दुर्घटना सुबह लगभग 3:30 बजे हुई थी। उन्होंने जानकारी दी, बस में लगभग 40 यात्री थे, जिनमें से 18 लोग सुरक्षित हैं। अब तक 11 शव बरामद किए जा चुके है। यह हादसा न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठाता है बल्कि निजी बस ऑपरेटरों की मेंटेनेंस और इमरजेंसी प्रोटोकॉल पर भी गंभीर चिंताएँ खड़ी करता है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन। चंद्रबाबू नायडू ने सोशल मीडिया पर शोक जताते हुए कहा, चिन्नाटेकुर के पास हुई इस त्रासदी से मैं गहरा दुखी हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएँ हैं। सरकार पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाई।एस। जगनमोहन रेड्डी ने भी हादसे को दिल दहला देने वाला बताया और सरकार से घायलों के लिए बेहतर इलाज और सहायता की मांग की।

हादसे की तस्वीरें और वीडियो कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। आग की लपटों में घिरी बस का दृश्य इतना भयावह था कि देखने वालों की रूह कांप उठी। पूरे आंध्र प्रदेश में इस हादसे को लेकर शोक और गुस्से का माहौल है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

# नाबालिगों की संपत्ति पर माता पिता नहीं ले सकते फैसला

- व्यस्क होने के बाद नाबालिग बिना केस दर्ज कराए सौदा कैंसिल कर सकता है

**एजेंसी**



**नई दिल्ली:** देश की सर्वोच्च अदालत ने नाबालिगों से संबंधित संपत्ति के लेन-देन पर एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि अगर माता-पिता या अभिभावक कोर्ट की परमीशन के बिना किसी नाबालिग की संपत्ति बेच देते हैं तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को कैंसिल कर सकता है। वहीं, कोर्ट ने आगे कहा कि इसके लिए किसी भी तरह का मुकदमा दर्ज करने की जरुरत नहीं होगी। अदालत ने कहा कि व्यवहार से अस्वीकृति भी कानूनी रूप से वैध मानी जाएगी।

बता दें, कोर्ट ने 7 अक्टूबर को एक केस का फैसला देते हुए यह कहा कि कोई नाबालिग व्यस्क हो जाता है, तो वह अपने माता-पिता या अभिभावक के संपत्ति के स्वयं बेचना या किसी अन्य को देने वाले फैसले को अस्वीकार कर सकता है। यह फैसला जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केएस शिवप्पा बनाम श्रीमती के नीलाम्मा मामले में सुनाया। न्यायमूर्ति मिथल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह सुरक्षित रूप से निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नाबालिग के अभिभावक द्वारा निष्पादित शून्यकरणीय लेनदेन को नाबालिग द्वारा वयस्क होने पर समय के भीतर अस्वीकार और नजरअंदाज किया जा सकता है, या तो शून्यकरणीय लेनदेन को रद्द करने के लिए मुकदमा दायर करके या अपने स्पष्ट आचरण से उसे अस्वीकार करके।

फैसले में कहा गया कि विवादास्पद प्रश्न यह है कि क्या नाबालिगों के लिए यह आवश्यक है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर वयस्क होने पर अपने प्राकृतिक अभिभावक द्वारा निष्पादित पूर्व विक्रय विलेख को रद्द करने के लिए वाद दायर करें। इसमें कहा गया कि प्रश्न यह है कि क्या वयस्क होने के तीन वर्ष के भीतर उनके आचरण के माध्यम से इस तरह के विक्रय विलेख को अस्वीकृत किया जा सकता है। प्रश्नों का उत्तर देने के लिए, पीठ ने हिंदू अल्पसंख्यक और संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा 7 और 8 का हवाला दिया और कहा कि प्रावधानों को सरलता से पढ़ने से यह स्पष्ट हो जाता है कि नाबालिग के प्राकृतिक अभिभावक को बिना अदालत की पूर्व अनुमति के नाबालिग की अचल संपत्ति के किसी भी हिस्से को बंधक रखने, बेचने, उपहार देने या अन्यथा हस्तांतरित करने या यहां तक ??कि ऐसी संपत्ति के किसी भी हिस्से को पांच साल से अधिक अवधि के लिए या नाबालिग के वयस्क होने की तारीख से एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए पट्टे पर देने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। इसलिए, अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (2) के तहत दिए गए किसी भी तरीके से नाबालिग की संपत्ति हस्तांतरित करने के लिए नाबालिग के अभिभावक के लिए अदालत की पूर्व अनुमति अनिवार्य है।

समस्तीपुर में जनसभा को संबोधित करते पीएम मोदी ने कहा-

# नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी एनडीए सरकार

**एजेंसी**

**समस्तीपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को समस्तीपुर पहुंचे। एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में उनका मखाने की माला से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने कहा, पूरा बिहार कह रहा है, फिर एक बार एनडीए सरकार, फिर एक बार सुशासन सरकार। विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी आज शुक्रवार को बिहार दौरे पर हैं। उन्होंने



समस्तीपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। जहां उन्हें मखाने की माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा, पूरा बिहार कह रहा है फिर एक बार एनडीए सरकार। फिर एक बार सुशासन सरकार। जंगलराज वालों को दूर रखेगा बिहार। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं अपनी आधी जिंदगी गुजरात में खपा दी। आप जितनी संख्या में यहां पहुंचे हैं। वहां मैं इससे आधी भिड़ भी नहीं जुटा पाता। छठ महापर्व के बीच आप यहां आए हैं। इसके लिए मैं आपको नमन करता हूं। पीएम मोदी ने मंच से नारा दिया- नई रफ्तार से चलेगा बिहार, फिर आएगी एनडीए सरकार। जनसभा को संबोधित करने से पहले पीएम मोदी कपूरी ग्राम पहुंचे थे। जहां उन्होंने भारत रत्न कपूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। पीएम मोदी की जनसभा का आयोजन समस्तीपुर के दुधपुरा में किया गया था। जहां सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, नित्यानंद राय व अन्य मौजूद थे।

# सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से, सीएम करेंगे उद्घाटन

**दक्षिण एशिया के 6 देशों के 300 एथलीट लेंगे हिस्सा, दर्शकों को मिलेगी फ्री एंट्री**



**रांची :** चौथे साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 की मेजबानी के लिए रांची पूरी तरह तैयार है। तीन दिवसीय चैंपियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार शाम छह बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। सभी मुकाबले मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होंगे।




न्यूज IN ब्रीफ

## सिल्ली पुलिस कर रही अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी



**सिल्ली:** सिल्ली पुलिस इन दिनों लगातार अवैध महुआ शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। अवैध शराब की भट्टी कहीं पहाड़ के गुफा में तो कहीं घर के अंदर संचालित करते हुए मिल रहे है। पुलिस ने कोकालगाम, केसरडीह और कोंचो में छापेमारी की। जहां से पुलिस ने भारी मात्रा में ड्रम में भरे महुआ जावा और शराब बनाने की सामग्री बरामद किए, जिसे विनिष्ट किया गया साथ गए भट्टीयों को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया थानाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने बताया उपर से ही अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी का निर्देश मिला है जो लगातार 10 दिनों तक चलता रहेगा।

अवैध शराब की बिक्रीः वर्षो से क्षेत्र में अवैध रूप से जावा महुआ शराब बनाकर बिक्री की जा रही थी, जिससे न केवल कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा था बल्कि नशे का ऐसा लत की इसका सेवन से युवाओं का भविष्य में गिरावट आ रही है। असामयिक मौते हो जा रही है।

## झारखंड हाईकोर्ट ने मांगा डायन और जादू-टोना के केस का ब्योरा




**रांची :** लोहरदगा में अक्टूबर महीने में जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले पर संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका में बदल दिया। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि दो साल के दौरान डायन प्रथा निवारण अधिनियम- 1999 के तहत झारखंड में दर्ज केस की पूरी रिपोर्ट दें। कोर्ट ने कहा कि डायन और जादू-टोना के अंधविश्वास में बच्चा सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या गंभीर बात है।

इसलिए इस तरह के कितने मामले सामने आए, इसकी रिपोर्ट कोर्ट में सौंपे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को निर्धारित की है। मालूम हो कि कोर्ट ने समाचार पत्रों में प्रकाशित हत्या की खबर पर संज्ञान लिया था। इसके बाद राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा था।

## सप्लाई मजदूरों की मांगों को लेकर मंत्री को सौंपा मांगपत्र

**बोकारो :** बोकारो थर्मल पावर प्लांट में सप्लाई मजदूरों की यूनियन झारखंड श्रमिक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने गणेश राम के नेतृत्व में गुरुवार को सूबे के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर उन्हें डीवीसी के सप्लाई मजदूरों की समस्याओं को लेकर सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से कहा कि पावर प्लांट में बिजली उत्पादन की व्यवस्था को सुचारू रखने वाले सप्लाई मजदूरों के साथ अब तक अन्यायपूर्ण रवैया डीवीसी प्रबंधन के द्वारा अपनाया जा रहा है। पत्र में उल्लेख किया है कि सप्लाई मजदूरों को न तो स्थायी कर्मियों के समान सुविधा दी जा रही है और न ही बराबरी का वेतनमान ही दिया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा हाल ही में मजदूरों के ऊर्जा भत्ते में कटौती और स्मार्ट मीटर लगाकर अतिरिक्त बिजली बिल वसूली करने से नाराजगी और बढ़ गयी है। संघ की सात सूत्री मांगों में स्थायी कर्मचारियों के समान सप्लाई मजदूरों को भी ऊर्जा भत्ता देने, बिजली बिल की कटौती तत्काल बंद करने, स्मार्ट मीटर के माध्यम से वसूले जा रहे अतिरिक्त शुल्क को रद्द कर वापस करने, इन्सेंटिव भुगतान का लाभ देने, सुपर हॉस्पिटल की सुविधा उपलब्ध कराने, सेवानिवृत्त सप्लाई मजदूरों को इपीएफ, ग्रेच्युटी और पेंशन तीन माह के भीतर देने, सेवानिवृत्त मजदूरों को ग्रेच्युटी का लाभ का शीघ्र भुगतान करने आदि मांगों शामिल हैं। संघ के गणेश राम ने कहा कि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मांगों के आलोक में डीवीसी चेयरमैन को सूबे के सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में एक बैठक में 10 दिनों के अंदर आयोजित की जायेगी, जिसमें सप्लाई मजदूरों की मांगों सहित डीवीसी से जुड़े अन्य मसलों पर वार्ता की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में संघ के गणेश राम, कुंतल दत्ता, जहरु उरांव एवं विष्णु गोस्वामी शामिल थे।

## 60 वर्ष पुराने जर्जर क्वार्टर में रहने को मजबूर हैं सीसीएल कर्मी

**बोकारोः** सीसीएल के सर्वे ऑफ क्वार्टर में हो सकती है कभी भी दुर्घटना। प्रबंधन से कई बार क्वार्टर की मरम्मत कराने की मांग की गयी, लेकिल नहीं हुई पहल वकील चौहान, केदला झारखंड उत्खनन परियोजना के लइयो चौक स्थित बंद डिस्पेंसरी के समीप बने सीसीएल क्वार्टर सर्वे ऑफ हो गया है। वर्तमान में इसमें आठ से दस सीसीएल कर्मी और दस से बारह गैर सीसीएल कर्मी के परिवार के लोग रहते हैं। बताया जाता है कि यहां कुल लगभग 60 से 70 लोग रहते हैं। क्वार्टर के अधिकांश भवन करीब 60 वर्ष से अधिक पुराने हो गये हैं। कुछ क्वार्टर के ऊपर बड़े-बड़े पौधे निकल गये हैं। छत और चहारदीवारी जर्जर है। इस संबंध में क्वार्टर में रहे सीसीएल कर्मी व गैर सीसीएल कर्मियों ने बताया कि लइयो क्षेत्र का क्वार्टर काफी पुराना है। क्वार्टर मरम्मत के अभाव में सर्वे ऑफ हो गया है। डिस्पेंसरी के पास के क्वार्टर पूरी तरह से जर्जर हैं। लोगों ने कहा कि प्रबंधन से कई बार क्वार्टर की मरम्मत कराने की मांग की गयी, लेकिल प्रबंधन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कर्मियों ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन से कई बार दूसरा क्वार्टर देने की मांग की गयी, लेकिन क्वार्टर नहीं मिला। प्रबंधन के उदासीन रवैये के कारण सीसीएल कर्मी का जान जोखिम में है। प्रबंधन के प्रति लोगों में नाराजगी है। कर्मियों ने कहा कि सीसीएल अपने कामगारों के प्रति गंभीर नहीं है।

### छठ से पहले मुख्यमंत्री देंगे महिलाओं को तोहफा

# मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के खाते में आएगी दो महीने राशि


संवाददाता

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की महिलाओं को छठ महापर्व से पहले बड़ा तोहफा देने वाले है। राज्य में मंईयां सम्मान योजना की लाभुक महिलाओं के खाते में दो महीने की किस्त एक साथ आने वाली है। जिन महिलाओं को 14वीं किस्त का भुगतान नहीं मिल पाया था, उन्हें इस महीने दो किस्तों का भुगतान एक साथ किया जाएगा। यानी प्रत्येक लाभुक महिला के खाते में 5,000 की राशि भेजी जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार, पिछली किस्त से वंचित सभी महिलाओं को 14वीं और 15वीं दोनों किस्तें एक साथ दी जाएंगी। इससे महिलाओं को योजना का पूरा लाभ और त्योहारों से पहले दोहरी राहत मिलेगी। वहीं, जिन महिलाओं को पिछली किस्त पहले ही मिल चुकी है, उन्हें नियमित 2,500 की 15वीं किस्त दी जा रही है।

12 जिलों में भेजी गई 15वीं किस्तः जानकारी के अनुसार, मंईयां सम्मान योजना की 15वीं किस्त की राशि झारखंड के 12 जिलों की महिलाओं के खातों में भेजी जा चुकी है। इनमें रांची, धनबाद, देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला, जामताड़ा, सिमडेगा, चतरा, पाकुड़ और गढ़वा जिले शामिल हैं। इन जिलों में लाभुकों के आवेदन और दस्तावेजों का सत्यापन पहले पूरा हो चुका था,



इसलिए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर भुगतान किया गया है। बाकी जिलों की महिलाओं को 20 से 25 अक्टूबर के बीच राशि भेजी जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र महिलाओं को समय पर उनका हक मिले, ताकि वे त्योहारों के दौरान आर्थिक रूप से सशक्त महसूस कर सकें।

ऐसे करें अपने भुगतान का स्टेटस चेकः मंईयां सम्मान योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। होमपेज पर लॉगिन विकल्प पर क्लिक करें। आवेदन संख्या या आधार संख्या और पासवर्ड दर्ज करें। आवेदन एवं भुगतान स्थिति-सेक्शन में जाएं।अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें और ओटीपी प्राप्त करें,पर क्लिक करें। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपकी भुगतान स्थिति और आवेदन विवरण स्क्रीन पर दिख जाएगा।

## कोडरमा में फिर दिखा हाथियों का झुंड, ग्रामीणों में दहशत

### चार महीने पहले जंगली हाथियों ने कोडरमा में मचाई थी तबाही



संवाददाता

**कोडरमाः** जिला में एक बार फिर हाथियों का झुंड देखा गया है। हाथियों के दस्तक ने एक बार फिर ग्रामीणों में भय पैदा कर दी है। बता दें कि 4 माह पहले हाथियों के झुंड ने कोडरमा के जयनगर व मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न गांवों में जमकर उत्पात मचाया था।

हाथियों के झुंड ने किसानों के फसलों के साथ साथ कई गरीबों के आशियाने उजाड़ दिए थे। साथ ही आधे दर्जन लोगों की जान भी ले ली थी। एक समय ऐसा था जब शाम को या दिन में लोग जंगलों की ओर अपने मवेशी चराने जाने से डरते थे। करीब 4 महीने तक हाथियों के उत्पात मचाने के बाद वन विभाग की टीम ने बड़ी मुश्किल से हाथियों के झुंड को कोडरमा के इलाकों से भगाने में सफलता पाई। एकबार फिर जयनगर के गांवों में हाथियों का झुंड को देखा गया है। जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत है।

कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र स्थित गड़गी गांव के आसपास करीब 40 हाथियों के एक झुंड को विचरण करते देखे गये हैं। हाथियों के झुंड को देखते ही इसकी खबर आस-पास के इलाके में आग की तरह फैल गयी है और हाथियों के झुंड की खबर सुन ग्रामीण भयभीत हो गए हैं

ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वहीं वन विभाग के पहुंचने तक ग्रामीणों द्वारा आग जलाकर हाथियों को भगाने का प्रयास किया गया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों के झुंड को उक्त क्षेत्र से खदेड़ने में जुट गई।

बता दें कि धान की फसल तैयार हो चुकी है और अब उसके कटाई का समय आ चुका है। ऐसे में किसानों को यह भय है कि हाथियों का झुंड कहीं उनके फसल को नष्ट न कर दे। वन विभाग के रेंजर रविन्द्र कुमार ने बताया कि हाथियों के भागने का प्रयास किया जा रहा हैं और हाथी रात में अपने स्थान बदलते हैं। इसलिए रात को आग और पटाखे के द्वारा हाथियों के झुंड को जंगल की ओर खदेड़ा जाएगा।

## गोविंदपुर बाजार में 15 दिन से जलापूर्ति ठप, लोगों ने कार्यालय घेरा

संवाददाता

**गोविंदपुर :** गोविंदपुर बाजार इलाके में पिछले 15 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने के खिलाफ आक्रोशित उपभोक्ताओं ने गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का घेराव किया और कार्यपालक अभियंता का पुतला जलाया। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि महापर्व छठ के पूर्व शनिवार तक जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो रविवार को जीटी रोड जाम किया जायेगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रही गोविंदपुर पश्चिम की मुखिया ममता देवी, पूर्वी की मुखिया झूमा मुखर्जी, पंसस मीरा देवी व उप मुखिया ने कहा कि जलापूर्ति को लेकर कई बार कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता से बात की गयी पर सिर्फ आश्वासन ही मिला। छठ पर्व निकट है। ऐसे में पर्याप्त जलापूर्ति हो। बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भेलाटांड़ से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग परिसर गोविंदपुर के बीच जगह-जगह लीकेज है, इससे पानी



व्यर्थ बह रहा है। वहीं मैथन जलापूर्ति योजना का पानी नेरो मोड़ समेत विभिन्न स्थानों पर पाइप लगाकर बेचा जा रहा है, पर विभाग चुप है। ऊपर बाजार में कई स्थानों पर अवैध कनेक्शन कर दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत यादव ने सहायक एवं कार्यपालक अभियंता से बात की। इस पर कार्यपालक अभियंता ने शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया है। आंदोलन में नागरिक समिति के संयुक्त सचिव अनूप साव, जयप्रकाश मिश्र, जितेश जायसवाल, जहीर अंसारी, वीरेंद्र रजक, जयजीत मुखर्जी, शत्रुघ्न साव, भरत जायसवाल, प्रभु विश्वकर्मा, वासुदेव बर्मन, विनोद बर्मन, संजय भगत, रीता साव, बबीता देवी, नीलम देवी, माधुरी देवी, राखी देवी, राधा देवी, शैबू निशा, दिलीप साव, कुणाल शर्मा, अनिकेत कुमार, श्याम विश्वकर्मा, मो अखलाक, शंकी विश्वकर्मा, संदीप बर्मन, इंद्रदेव विश्वकर्मा, मुन्ना विश्वकर्मा, उपेंद्र विश्वकर्मा, पप्पू विश्वकर्मा व अन्य थे।

## रामगढ़ पुलिस व सोसाइटी सदस्यों ने की छठ घाट की सफाई

संवाददाता

**पतरातू :** छठ महापर्व को देखते हुए पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी, पतरातू की ओर से पतरातू डैम स्थित कठुआ कोचा छठ घाट की सफाई की गयी। इसका नेतृत्व पतरातू थाना प्रभारी एसके गुप्ता कर रहे थे। उनके नेतृत्व में कई पुलिसकर्मी व सोसाइटी के सदस्यों ने सफाई में योगदान दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी एसके गुप्ता ने कहा कि छठ पर्व पवित्रता व स्वच्छता का पर्व है। इसलिए घाटों की साफ-सफाई हर किसी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी छठ घाट की स्वच्छता बनाने की अपील की। सफाई कार्य में उप निरीक्षक शिवा कच्छप, अफजल हुसैन, जसीमुद्दीन अंसारी, अर्जुन ठाकुर, मुकीम अंसारी, सुखन उरांव, पीसी प्रधान, अखिलेश



कुमार, अमृत साव, रामपाल महतो, पंकज पांडेय, सोसाइटी के संयोजक सुजीत कुमार पटेल, डॉ मनोज कुमार गुप्ता, बैद्यनाथ राय, वारिस खान, महावीर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नीरज झा, अनिल कुमार सिंह, संजीव सिंह, विकास गुप्ता, तारिक रजा, राजा, प्रिंस कुमार, रितिक यादव ने सहयोग किया।

## श्री गुरुनानक देव महाराज का प्रकाशोत्सव पांच को

**रांची :** कार्तिक पूर्णिमा के दिन पांच नवंबर को खालसा पंथ के प्रणेता श्री गुरुनानक देव महाराज का प्रकाशोत्सव मनाया जाएगा। श्री गुरु सिंह सभा रांची की ओर से पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल सभागार में विशेष दीवान सजाया जाएगा।

मुख्य दीवान सुबह 10.30 बजे से 3 बजे तक चलेगा, जिसमें सिख पंथ के महान रागी जत्थे के भाई सरबजीत सिंह पटनावाले और श्री दरबार साहिब अमृतसर के कथावाचक ज्ञानी बलदेव सिंह उगरा गुरु इतिहास पर प्रकाश डालेंगे।

श्री गुरु सिंह सभा रांची के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने शुक्रवार को बताया कि 4 नवंबर की रात में गुरुद्वारा में शाम 7 बजे से रात 9.30 बजे तक दीवान सजाया जाएगा। दीवान की समाप्ति पर गुरु का अटूट लंगर होगा। इससे पहले 3 नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा से नगर कीर्तन निकाला जाएगा।


## जयराम महतो की पार्टी के नेता और हाइवा मालिक में हिंसक झड़प

### जेएलकेएम समर्थक ने की आत्मदाह करने की कोशिश, पुलिस का पथराव

संवाददाता

**धनबादः** झरिया के भौंरा ओपी क्षेत्र स्थित परसियाबाद मोड़ पर गुरुवार को हाइवा मालिक सह पूर्व वार्ड पार्षद शिव कुमार यादव और जयराम महतो की झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के झरिया प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक महतो के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना के बाद इलाके में करीब तीन घंटे तक जबरदस्त हंगामा और सड़क जाम की स्थिति बनी रही, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

हिंसक झड़प के बाद जेएलकेएम समर्थक डिस्को महतो ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस घटना से लोगों का गुस्सा और भड़क गया



और उन्होंने भौंरा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। जाम के कारण करीब तीन घंटे तक कोयला ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह ठप रही। घायल जेएलकेएम नेता कार्तिक महतो ने बताया कि भौंरा क्षेत्र में हाइवा वाहनों से लगातार प्रदूषण और कीचड़ की समस्या बनी रहती है। गुरुवार को सड़क पर पानी का छिड़काव होने के बाद एक हाइवा के गुजरने से कीचड़ उछलकर लोगों पर गिरा।जब उन्होंने चालक को वाहन रोकने को कहा तो उसने हाइवा संचालक शिव कुमार यादव को इसकी सूचना दी। कुछ देर बाद शिव कुमार यादव अपने सहयोगियों के साथ लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और अचानक हमला कर दिया, जिसमें उनका दायां हाथ टूट गया।वहीं पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

घटना की सूचना मिलते ही सिंदरी अनुमंडल के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल का प्रयोग (लाठीचार्ज) करना पड़ा, जिसमें कुछ महिलाओं को भी चोटें आईं। पुलिस ने घायल कार्तिक महतो को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच (धनबाद मेडिकल कॉलेज) में भर्ती कराया है। जबकि हमले के आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना के संबंध में जोरापोखर सर्किल इंस्पेक्टर सत्यम कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद एक युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया था, जिसे रोक लिया गया। मौके पर तनाव को देखते हुए हल्का बल प्रयोग किया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नहाय खाय के साथ कल से शुरू होगा छठ महापर्व

संवाददाता



**रांची:** छठ पूजा एक प्रमुख भारतीय त्योहार है जिसे खासतौर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, नेपाल, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मनाया जाता है। छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है और इसका समापन सूर्यदेव को सुबह अर्घ्य देने के साथ होता है। इस बार छठ पूजा की शुरूआत शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 को होगी और समापन मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 को प्रातः कालीन अर्घ्य के साथ होगा।

छठ पूजा का व्रत महिलाएं अपने परिवार और पुत्र की दीर्घायु के लिए करती हैं। छठ के पर्व 4 दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं जिसमें पहला होता है नहाय-खाय, दूसरा खरना, तीसरा संध्या अर्घ्य और चौथा ऊषा अर्घ्य-पारण।

पहला दिन- नहाय खाय, जो कि 25 अक्टूबर 2025 को है। दूसरा दिन- खरना, जो कि 26 अक्टूबर को है। तीसरा दिन- संध्या अर्घ्य, जो कि 27 अक्टूबर को किया जाएगा। चौथा दिन- ऊषा अर्घ्य, जो कि 28 अक्टूबर को किया जाएगा।

**नहाय खाय :** छठ पूजा का पहला दिन होता है नहाय खाय। इस दिन व्रती किसी पवित्र नदी में स्नान करके, इस पवित्र व्रत की शुरूआत करती हैं। स्नान के बाद भोजन ग्रहण किया जाता है, जिससे व्रत की शुरूआत हो जाती है। इस दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 28 मिनट पर होगा और सूर्यास्त शाम 5 बजकर 42 मिनट पर होगा।

**खरना :** छठ पूजा का दूसरा दिन होता है खरना। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। शाम के समय व्रती मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर गुड़ की खीर (रसिया) और घी से बनी रोटी तैयार करती हैं। सूर्य देव की विधिवत पूजा के बाद यही प्रसाद सबसे पहले ग्रहण किया जाता है। इस प्रसाद को खाने के बाद व्रती अगले दिन सूर्य को अर्घ्य देने तक अन्न और जल का पूर्ण रूप से त्याग करती हैं।

**संध्या अर्घ्य :** छठ पूजा का तीसरा और महत्वपूर्ण दिन होता है संध्या अर्घ्य। इस दिन व्रती दिनभर बिना जल पिए निर्जला व्रत रखती हैं। फिर, शाम को व्रती नदी में डुबकी लगाते हुए ढलते हुए सूरज को अर्घ्य देती हैं। इस दिन सूर्य अस्त शाम 5 बजकर 40 मिनट पर होगा।

**ऊषा अर्घ्य :** इस पूजा का चौथा और आखिरी दिन होता है ऊषा अर्घ्य। इस दिन सभी व्रती और भक्त नदी में डुबकी लगाते हुए उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस दिन सूर्योदय सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर होगा। अर्घ्य देने के बाद, 36 घंटे का व्रत प्रसाद और जल ग्रहण करके खोला जाता है, जिसे पारण कहा जाता है।

## रांची के 26 घाट खतरनाक घोषित, नगर निगम ने बच्चों और बुजुर्गों को पानी में जाने से किया मना

रांचीः इस बार छठ पूजा की शुरूआत शनिवार, 25 अक्टूबर 2025 को होगी और समापन मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025 को प्रातः कालीन अर्घ्य के साथ होगा। झारखंड में छठ पूजा की बड़ी ही धूम होती है। वहीं, छठ पूजा से पहले रांची के 26 घाट खतरनाक घोषित कर दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक रांची में इस बार मानसून के दौरान रिकॉर्ड तोड़ बारिश होने के कारण शहर के कई तालाबों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। नगर निगम द्वारा कराए गए सर्वे में 74 घाटों में से 26 को हाई रिस्क जोन घोषित किया गया है। कहा जा रहा है कि इन घाटों में सीढ़ियों से उतरते ही 7 से 8 फीट तक पानी है, जो व्रतधारियों और श्रद्धालुओं के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है।

नगर निगम ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर एनडीआरएफ जवानों की तैनाती की मांग की है। वहीं, नगर निगम ने अपील की है कि श्रद्धालु चिह्नित सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करें और बच्चों या बुजुर्गों को पानी के गहरे हिस्से में न ले जाएं। बैरिकेडिंग पार करना सख्त वर्जित है।

कांके डैम, हातमा तालाब, तिरिल बस्ती कोकर तालाब, जोड़ा तालाब बरियातू, भाभा नगर तालाब, कोकर टुनकी टोला तालाब, रिम्स, जेल तालाब, चडरी तालाब, करमटोली तालाब, हटनिया तालाब, नक्षत्र वन, बड़ा तालाब, अरगोड़ा तालाब, मधुकम तालाब, कटहल गोंदा तालाब, सरोवर नगर डैम साइड, भट्टा गढ़ा, हेहल तालाब, जगन्नाथपुर तालाब, धुर्वा डैम, धुर्वा छोटा डैम, बटन तालाब, स्वर्णरेखा घाघरा घाट, नामकुम तेतरी टोली, कैलाश नगर, नामकुम सिपाही पुल, जोजार नामकुम, हुंडरू तालाब।

# संजय सेठ से मिला वेटरन आर्गेनाईजेशन ऑफ झारखंड का प्रतिनिधिमंडल

**सैनिकों से संबंधित समस्याओं को उनके समक्ष रखा**

मेंट्रो रेज संवाददाता



**रांची:** आज सुबह 8:00 बजे वेटरन आर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड के सदस्यों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात कर सैनिकों से संबंधित समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस मामले में कई मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ जिसमे झारखंड राज्य में पूर्व सैनिकों के लिए सभी ग्रेड के नौकरी में 10% का आरक्षण की मांग की गयी।

- ✔ पूर्व सैनिक वीर नारी एवं शहीद परिवार के लिए झारखंड में पुनर्वास योजना
- ✔ देश की सेवा करते हुए यदि कोई जवान शहीद हो जाता है तो उसके परिवार को 50 लाख राशि राज्य सरकार के तरफ से देने की सिफारिश ( अभी सिर्फ 10 लाख रुपया राज्य सरकार के द्वारा दिया जाता है )
- ✔ पूर्व सैनिक जो मनो चिकित्सा केंद्र काके में कार्यरत हैं उन्हें वहां से नौकरी से ना निकाला जाए
- ✔ संगठन का प्रतिनिधि दल झारखंड में हो रही समस्याओं को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने के लिए निवेदन
- ✔ झारखंड राज्य के शहीदों के गांव को आदर्श गांव बनाने के लिए आग्रह
- ✔ वर्ष 2026 में प्रधानमंत्री का झारखंड में आगमन जिसके लिए हमारे संगठन को पूर्व सूचना
- ✔ एक ही छत के नीचे पूर्व सैनिक वीर नारी शहिद परिवार एवं उनके आश्रितों को दी जाने वाली सुविधा के लिए इंटीग्रेटेड जवान भवन का निर्माण करने के संबंध में
- ✔ झारखंड राज्य में जितने भी पूर्व सैनिक संगठन है सभी के साथ मिलकर एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष वृहद रूप से आंदोलन करने का आह्वान
- ✔ शहीद परिवार के आश्रितों को जिन्हें राज्य सरकार के द्वारा अब तक नौकरी नहीं दिया गया है उन्हें जल्द से जल्द नौकरी दिया जाना चाहिए

वेटरन आर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष मुकेश कुमार के साथ कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद एवं संगठन के सदस्य ज्ञानचंद , लकड़ा गुयाना , हिरेन, रवि , सुखराम ,सुनील, डीएन महतो विजय ,जोसेफ, खालको ,राजेश ऋषभ एवं कालेश्वर उपस्थित थे।

**रक्तदान के प्रति जागरूकता की अपील**

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है रक्तदान : तुषार कांति शीट

मेंट्रो रेज संवाददाता



**रांची:** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन (वीबीडीए), रांची के सचिव तुषार कांति शीट ने सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों से रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की है। श्री शीट ने कहा है कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण और जीवनदायी प्रक्रिया है, जो न केवल रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति की जान बचा सकती है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रक्तदान हृदय रोगों के खतरे को कम करने में भी सहायक है, क्योंकि यह रक्त में आयरन के स्तर को नियंत्रित करता है। चिकित्सकों के मुताबिक शरीर में आयरन की अधिकता से होने वाली समस्याओं को कम करने में रक्तदान काफी सहायक है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से पहले होने वाली स्वास्थ्य जांच दाता के लिए एक मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण का अवसर प्रदान करती है, जिससे वे अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

रक्तदान करने से दाता को मानसिक शांति और संतुष्टि मिलती है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। दुर्घटनाओं, सर्जरी और अन्य आपात स्थितियों में रक्त की आवश्यकता होती है, जिसे पूरा करने के लिए नियमित रक्तदान आवश्यक है। थैलेसीमिया, हीमोफीलिया और कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज में रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। रक्तदान के माध्यम से हम रक्त की कमी को पूरा कर सकते हैं और मरीजों की जान बचा सकते हैं।

रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए जागरूकता जरूरी है। हमें लोगों को बताना होगा कि रक्तदान करना न केवल एक दयालुता का कार्य है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने किया बीज किट का वितरण

मेंट्रो रेज संवाददाता



**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू द्वारा मोर्चा के सदस्यों के बीच बीज किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि किसानों की आय को दोगुनी करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा कृषि सुधार कानून बनाए गए हैं। यह बिल पूरी तरह से किसान हितैसी है। इस निमित्त प्रदेश कार्यालय में अपने मोर्चा के साथियों के बीच लाल शिमला मिर्च, पीला पत्ता गोभी, बैंगनी पत्ता गोभी के साथ अन्य अद्भुत बीज किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारीयों से चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के किसानों को मनोबल बढ़ाने हेतु बीज वितरण किया जाना चाहिए । उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यों को यह भी बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों को मिलने वाली मुफ्त बीज राज्य के किसानों तक कैसे उपलब्ध हो सके, यह सुनिश्चित हमे करना होगा। क्योंकि झारखंड में महागठबंधन की हेमंत सोरेन सरकार में किसानों को मिलने वाली खाद बीज के वितरण में अनियमितता और धांधली की शिकायतें मिल रहे हैं। जिनमे मनमाने तरीके से बीज बांटना, बिना सूचना के वितरण और कुछ मामलों में किसानों से अवैध वसूली शामिल है। पवन साहू ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चा के साथियों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को कृषि यंत्रों पर छूट के साथ ही निशुल्क बीज का वितरण भी किया जा रहा है एवं अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए किसान सम्मान निधि, किसान मानधन पेंशन जैसी अनेक योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। जिसे हमें किसानों तक लाभ पहुंचाने में सहायक सिद्ध होना होगा। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे, प्रदेश कार्यालय मंत्री सज्जन कुमार पंकज, सह कार्यालय मंत्री बृंद कुमार, सुरेंद्रनाथ, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, अंचल तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी वैभव कुमार सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुमन कुमार सिंह, सुरेश महतो मुख्य रूप से मौजूद थे।

## शॉपिंग मॉल से 11,760 रुपये का सामान चोरी कर ले जाते हुए धराई महिला , गिरफ्तार

**रांची:** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित एक शॉपिंग मॉल से 11,760 रुपए का सामान चोरी कर ले जाते एक महिला को पकड़ा गया। महिला के विरुद्ध चुटिया थाना में शॉपिंग मॉल के स्टोर मैनेजर शिव मेहता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं पकड़े जाने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार महिला का नाम सोनी नाज (32) है। वह मस्जिद गली सेक्टर 4 धुर्वा की रहने वाली है। 22 अक्टूबर को मॉल में उसे तब पकड़ा गया जब वह बाहर निकल रही थी और मॉल का इएएस सिस्टम आवाज करने लगा। ईएएस सिस्टम तब आवाज करता है जब कोई व्यक्ति बिना बिलिंग कराए सामान लेकर निकलता है।

महिला मुंह में मास्क लगाए हुए थी। उसके पास दो बैग था। जिसकी तलाशी ली गई तो उसमें च्वनप्राश, क्रीम, शैंपू, चॉकलेट, ब्यूटी प्रॉडक्ट सहित कई सामान मिले। चोरी करने की घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। चुटिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर पूनम कुजूर ने बताया कि मॉल के स्टोर्स मैनेजर के लिखित शिकायत के बाद मामला दर्ज करते हुए कारवाई की गई है। आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच जारी है।

## द्रोणाचार्य पुरस्कार चयन समिति के सदस्य बने डॉ मधुकांत पाठक, खेल जगत में खुशी की लहर

संवाददाता



**रांची:** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआइ) के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने झारखंड के अनुभवी कोच और खेल प्रणेता डॉ मधुकांत पाठक को द्रोणाचार्य पुरस्कार चयन समिति का सदस्य मनोनीत किया है। एएफआइ की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि खेल प्रशिक्षकों के क्षेत्र में डॉ। पाठक के योगदान और उनकी दीर्घकालिक सेवाओं को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित समिति में शामिल किया गया है। झारखंड के खेल जगत में खुशी की लहरः द्रोणाचार्य पुरस्कार देश में खेल प्रशिक्षकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इसके चयन में समिति की भूमिका बेहद अहम होती है। डॉ। पाठक के मनोनयन से झारखंड के खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। राज्य के कई खेल संगठनों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। एथलेटिक्स क्षेत्र में कर चुके हैं नाम रोशनः डॉ मधुकांत पाठक ने लंबे समय से एथलेटिक्स क्षेत्र में झारखंड और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें कई खिलाड़ियों ने एशियाई और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीते हैं। इस अवसर पर डॉ मधुकांत पाठक ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। जो भी दायित्व मुझे सौंपा जाएगा, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करूंगा। मेरा उद्देश्य हमेशा से देश और राज्य के खेलों के विकास में योगदान देना रहा है। शुभकामनाएं देने वालों का लगा तांताः वहीं डा मधुकांत के चयन पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ (जेएए) अध्यक्ष सीडी सिंह, झारखंड ओलंपिक संघ (जेओए) कोषाध्यक्ष शिवेंदु दुबे, जेएए के आशीष झा, प्रभाकर वर्मा, वरुण कुमार, बंधन टोप्पो, आलोक मिश्रा, संजय त्रिपाठी, अजीत साहू, राकेश सिंह, रविन्द्र मुर्मू, सिकंदर महतो, अजय नायक, रणवीर सिंह, दशरथ महतो, मनोज कॉन्बेगी, अरविंद कुमार, विनोद सिंह, योगेश यादव, आशु भाटिया, शशांक भूषण सिंह, प्रभात रंजन तिवारी और सरोज यादव सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# त्योहार की भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल कर रहा 20 जोड़ी विशेष ट्रेनों का परिचालन

- अब तक चार लाख यात्रियों ने किया सफर

संवाददाता




**रांची:** फेस्टिव सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल ने यातायात प्रबंधन के लिए विशेष तैयारी की है। दीपावली के बाद छठ जैसे बड़े पर्वों के बीच रेलवे प्लेटफॉर्म से लेकर कोच तक यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इस स्थिति को संभालने के लिए मंडल की ओर से 20 जोड़ी विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने जानकारी दी कि अब तक 275 ट्रिप पूरी हो चुकी हैं, जबकि कुल 500 ट्रिप्स चलाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है और अभी तक करीब 4 लाख यात्री रांची मंडल से सफर कर चुके हैं।

भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुविधा देने के लिए मंडल की ओर से कई अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। 44 ट्रेनों में 46 एक्स्ट्रा कोच जोड़े जा चुके हैं, ताकि यात्रियों को सीटें उपलब्ध कराई जा सकें और भीड़ का दबाव कम किया जा सके।

शुचि सिंह ने बताया कि हर ट्रेन में एक्स्ट्रा कोच जोड़ना संभव नहीं है। हम उन्हीं ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगा रहे हैं जिनकी संरचना और तकनीकी क्षमता इसकी अनुमति देती है। जहां संभव है, वहां यात्रियों की सुविधा के लिए अधिकतम कोच जोड़े जा रहे हैं। रेलवे ने इस दौरान जनशताब्दी, हटिया-पटना एक्सप्रेस, रांची-वाराणसी एक्सप्रेस, रांची-दुर्ग इंटरसिटी और हावड़ा-रांची शताब्दी जैसी ट्रेनों में सबसे अधिक यात्रियों की आवाजाही दर्ज की है। इन ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है।

यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल ने दो नई जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी भी कर ली है। इन ट्रेनों के परिचालन का शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। रेलमंडल प्रशासन का कहना है कि इन अतिरिक्त ट्रेनों से रांची से बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की तैनाती बढ़ाई गई है। स्टेशन परिसर में यात्रियों को दिशा-निर्देश देने के लिए एनाउंसमेंट सिस्टम को भी सक्रिय किया गया है।

रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष रूप से छठ पूजा के यात्रियों के लिए अतिरिक्त हेल्पडेस्क और सहायता केंद्र बनाए गए हैं। मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट रहित यात्रा न करें और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए प्लेटफॉर्म पर अनुशासन बनाए रखें। त्योहारों की भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# वृद्धों को दिया गया निःशुल्क व्हीलचेयर व अन्य सहायक उपकरण

मेंट्रो रेज संवाददाता



**रांची :** झारखंड तंजीम ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत झारखंड सरकार द्वारा वृद्ध नागरिकों को निशुल्क व्हीलचेयर और अन्य सहायक उपकरण वितरण का आयोजन झारखंड तंजीम रांची महानगर कार्यालय, थर्ड स्ट्रीट हिंद पीढ़ी रांची में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कुल 70 जरूरतमंद लोगों के बीच व्हीलचेयर,कान मशीन,कमर बेल्ट, कुशन, घुटना बेल्ट, छड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुफ़्ती कमरे आलम के तिलावते कुरान से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर इरफान अंसारी स्वास्थ्य मंत्री झारखंड सरकार और विशिष्ट अतिथि शमशेर आलम उपाध्यक्ष झारखंड आयोग थे। इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा झारखंड तंजीम कमेटी के लोगों को बहुत-बहुत मुबारकबाद विशेष कर झारखंड पंजीयन के केंद्रीय अध्यक्ष शमशेर आलम को उन्होंने बधाई दी, उन्होंने जरूरतमंद लोगों को सहारा देने का काम किया। उन्होंने कहा जरूरतमंद लोगों के बीच जब किसी को सहारा दिया जाता है तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं होता है। डॉ इरफान ने कहा सेवा भाव सबको करना चाहिए इस तरह का कार्यक्रम दिल को छू लेने वाला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार अच्छा काम कर रहा है झारखंड नें पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है, इसे देश मे झारखंड को नंबर एक करना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही झारखंड के सभी जिलों में रिहैब सेंटर की स्थापना की जाएगी इसमें दिव्यांगों या जरूरतमंदों की सभी आधुनिक सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि शमशेर आलम, उपाध्यक्ष झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ने कहा कि झारखण्ड तंजीम एक सामाजिक संस्था है जो शुरू से शिक्षा, खेल स्वास्थ्य और सामाजिक काम करते रहे हैं इसी के तहत दिव्यांगों के बीच जो जरूरतमंद है उनके बीच व्हीलचेयर,कान का मशीन, कमर बेल्ट,घुटना बेल्ट, छड़ी समेत कई चीजों का वितरण किया जा रहा है इस मौके पर अरशे आलम उर्फ पप्पू तनवीर आलम अध्यक्ष वीकर सोसाइटी, फहीमुद्दीन सरवर,मुफ्ती कमरे आलम, कारी अंसार उल्लाह महबूब हुसैन, बंटी,अतिकुर रहमान पूर्व पार्षद जमील अख्तर,एजाज आलम, शाहबाज आलम समेत कई लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी झारखंड तंजीम के प्रवक्ता डॉक्टर फिरोज अहमद ने दी।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## हादसों की सड़क

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दुःख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं। यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निस्संदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही बाद ही सड़क उखड़ गई या बारिश में घुल गई।

## बिहार में चुनावी बहार

आखिरकार, चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दो दशक में पहली बार इतनी कम अवधि तथा दो चरणों में मतदान छह व ग्यारह नवंबर को होगा और मतगणना चौदह नवंबर को होगी। विवादों के केंद्र में रही चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष की राजनीति राजग गठबंधन को चुनौती देगी। एक घटक, जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जो पलायन व भ्रष्टाचार के मुद्दे को पार्टी का लक्ष्य बता रहे हैं। बहरहाल, लोकसभा चुनाव सात चरण में कराने के खट्टे अनुभवों से सबक लेकर चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों की मांग पर विधानसभा चुनाव दो चरणों में समेटने का निर्णय लिया है। लेकिन यह तय है कि जिस तरह आनन-फानन में पर्याप्त तैयारियों की कमी के बीच एसआईआर को अंजाम दिया गया, उसको लेकर तमाम तरह के सवाल उभरते ही रहेंगे। यहां तक कि मामले में बार-बार शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा। अभी आयोग को उन लोगों की शिकायत का सामना करना पड़ेगा, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं देख पा रहे हैं। बहरहाल, एक बात तो तय है कि दो दशक से बिहार की राजनीति के केंद्र में बने हुए नीतीश कुमार को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि राजग नेतृत्व को उम्मीद है कि हाल के दिनों में कराए गए विकास कार्य तथा लोकलुभावनी योजनाओं की बरसात से वोटों की फसल सींची जा सकेगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बिहार का जनमानस नीतीश को फिर से गद्दी सौंपता है या फिर उत्साहित महागठबंधन को सत्ता में आने का मौका देता है। कांग्रेस व राजद का कई मतभेदों के बावजूद एकजुट रहना सुशासन बाबू के लिये मुश्किलें जरूर पैदा कर सकता है। इन चुनावों में मोदी-शाह की प्रतिष्ठा का भी मूल्यांकन होगा। नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इन चुनावों में दांव पर लगी है कि क्या वे दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे। बहरहाल, इस बार सुशासन बाबू की प्रतिष्ठा भी दांव पर है, जब विपक्ष ने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के सवाल को बड़ा मसला बना दिया है। जिस मुद्दे पर नीतीश अब तक राजद सरकार को जंगल राज बताकर घेरते रहे हैं, वही अस्त्र अब महागठबंधन की ओर से चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष एसआईआर विवादों के आलोक में मतदाताओं में असमंजस की बात कह रहा है। उसकी दलील है कि अब जब चुनाव में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं विशेष गहन पुनरीक्षण अभी भी न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। दरअसल, 24 जून को चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर अभियान शुरू करने के बाद मतदाताओं की संख्या में खासा फेरबदल होता रहा है। अभियान शुरू करते वक्त बिहार में मतदाताओं की संख्या 7.9 करोड़ थी, फिर एक अगस्त को जारी मसौदा सूची में यह संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई। मृत्यु,प्रवास और दोहराव सहित विभिन्न आधारों पर 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। अब अंतिम सूची में 7.42 करोड़ मतदाता हैं। मसौदा सूची में 21.53 लाख नाम जोड़े गए हैं और कुल 3.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों की दुविधा दूर करने के लिये चुनाव आयोग से कुछ सवालों का जवाब तुरंत देने को कहा है। निस्संदेह, न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण, एसआईआर में कुछ हद तक पारदर्शिता देखी गई है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग को उन अवैध प्रवासियों की संख्या साझा करने की जरूरत है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए थे। उम्मीद की जानी चाहिए कि अखिल भारतीय एसआईआर शुरू करने से पहले बिहार से सबक लेकर सामने आई कमियों को दूर करने की दिशा में चुनाव आयोग पहल करेगा। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि महिलाओं, दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिये बड़े पैमाने पर की गयी घोषणाओं का कितना लाभ सुशासन बाबू को मिलता है।

# प्राचीन शिल्प संस्कृति को संजोने की जरूरत

**गीता में कृष्ण कहते हैं अर्जुन से जो जन्मा है उसे मारना ही पड़ेगा। शरीर नश्वर है। भौतिक शरीर के विनाश से दुखी नहीं होना चाहिए। कृष्ण यह भी कह रहे हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं। और आत्मा अमर है। आत्मा जीवन अनुभव करती है।**

**अरुण कुमार दीक्षित**

प्रकाश ज्ञान है। तमस गहन अंधकार है। प्रकृति सदा से है। सूर्य प्रकृति है देवता है। दीप रश्मियां जीवन को करती आलोकित हैं। भारत में दिए का इतिहास गुफाओं में भी पाया गया है। यह इतिहास लगभग पांच हजार वर्षों से अधिक का है। दियों को मोहनजोदड़ो में ईंटों के घरों में भी जलाया जाता था। खुदाई में मिट्टी के पके दिये मिले हैं। दीपो हरतु में पापं संध्या दीप नमोस्तुते। अर्थात दीपक की ज्योति परब्रह्म है। ज्योति ही जनार्दन है। यह दीपक मेरे पापों का हरण करें, संध्या के दीपक को नमस्कार है। सिंधु कालीन सभ्यता में खुदाई में दीये मिले हैं। शुरूआती दीये पत्थरों को तराश कर बनाए गए हैं। सतयुग और द्वापर में भी दीपक का उल्लेख है। ऋषि अष्टावक्र ने राजा जनक को बताया ₹ज्योतिरेकं₹। सभी ज्योतियों प्रकाशों में वह एक₹ हैं। यह शब्द शुक्ल यजुर्वेद शिव संकल्प सूक्त का है। यह मन को संदर्भित करता है, जिसे इंद्रियों का प्रकाशक और संचालक माना जाता है। यह एक ऐसा मन है जो शक्तिशाली है। असतो मा सदगमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योमार्मृतं गमय। हमें असत्य से सत्य की ओर ले चलो। अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो। यह ऋचा हम सबको सभी प्रकार के अज्ञान से ज्ञान, सत्य और आध्यात्मिक प्रकाश के मार्ग पर जाने को प्रेरित करती है। मेरे भीतर का अहंकार समाप्त हो। वह अहंकार धन का पद का क्रोध लोभ मोह का जो अंधकार है विदा हो जाए। भौतिक सुख आनंद से परमानंद की यात्रा में उतर जाएं। प्रार्थना की जा रही है आत्म प्रकाश की। वह लौ वह प्रकाश वह अंतस का दिया एक बार दीप्तिमान हो जाए। यह सूर्य चंद्रमा, पृथ्वी आकाश नक्षत्र यह जो जगती में जगत दिखाई पड़ता है उसका वास्तविक बोध हो जाए कि हम कौन हैं। गीता में कृष्ण कहते हैं अर्जुन से जो जन्मा है उसे मारना ही पड़ेगा। शरीर नश्वर है। भौतिक शरीर के विनाश से दुखी नहीं होना चाहिए। कृष्ण यह भी कह रहे हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं। और आत्मा अमर है। आत्मा जीवन अनुभव करती है। उसका कोई अंत नहीं है। कृष्ण कह रहे हैं कि धर्म के अनुरूप आचरण करें। मोह ने में न गिरें। गीता ₹अध्याय 11 श्लोक 12 विश्वरूप दर्शन योग₹ में अर्जुन कह रहा है अगर आकाश में एक साथ हजारों सूर्यों का उदय हो जाए तो भी उन सबका प्रकाश मिलकर उस ₹विराट रूप परमात्मा₹ के समान नही हो सकता। उस दिव्य प्रकाश को निरुपम कहा गया है। वह अलौकिक है। श्री राम ज्ञान को धर्म नैतिकता कर्म के रूप में देखते हैं। वे मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। वह कहते हैं सत्य दया करुणा और दूसरों के अवगुणों में गुण देखना सब में ब्रह्म का साक्षातकार करना ही ज्ञान है प्रकाश है। दीपावली के दो दिन पूर्व आरोग्य के देवता धन्वंतरि का पूजन अर्चन होता है। दीवाली पर्व की देवी लक्ष्मी हैं। देवता गणेश हैं। कन्नौज के राजा हर्ष ने संस्कृत में लिखे अपने नाटक ₹नागानंद₹ में दिवाली को ₹दीपप्रतिपादोत्सव₹ कहा है। राजशेखर ने काव्य मीमांसा में दीपावली को दीप मालिका कहा है। कवि सोहनलाल द्विवेदी ने दीपावली पर जगमग कविता लिखी है। माखनलाल चतुर्वेदी ने लिखा मैं दीप तुम्हारे पथ का हूं। सुमित्रानंदन पंत,सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, अज्ञेय,नागार्जुन सहित अनेक साहित्यकारों, कथाकारों ने दीपोत्सव को अपने गहन गम्भीर शब्द दिए हैं। जैन धर्म में महावीर के निर्वाण उत्सव के रूप में दीपावली मनाई जाती है। जैन धर्म मे मोक्ष प्राप्त करने का दिन है। अज्ञान से प्रकाश की जीत के रूप में मनाया जाता है। भगवान महावीर को चिन्मय दीपक कहा गया है। बाल्मीकि रामायण में श्री राम के 14 वर्ष बाद विजयी अयोध्या आगमन पर सब हर्षित हैं। अयोध्या में यह बहुप्रतीक्षित राम के राज्याभिषेक का उत्सव दीपोत्सव के रूप में मनाया गया था। तब से यह अलोकधर्मा पर्व की संस्कृति का प्रवाह दीपावली चल रहा है। दीपक पांच तत्वों से मिलकर बनता है पृथ्वी( माटी)जल, वायु, आकाश और अग्नि का प्रतीक है। पारसी धर्म में भी पवित्र अग्नि पवित्रता और सत्य निष्ठा का प्रतीक है। सर्वोच्च देवता की शक्ति की उपस्थिति का आधार है। दीपक जलने से देवता प्रसन्न होते हैं। प्रसिद्ध संत पलटू ने अपनी कुंडली में कहा है दीपक बारा नाम का। बाद में ओशो रजनीश ने ₹दीपक बारा नाम का₹ पर अपने प्रवचन किये। दीपक को व्यक्ति के भीतर के ज्ञान के प्रकाश के रूप में वर्णित किया गया है। यह सब ज्ञान उस व्यक्ति के नाम यानी उसकी आत्मा में छिपा है। कबीर दीपक को कहते हैं गुरु ज्ञान दीपक है। गुरु अंधियारा मिटाता है। प्रकाश को लाता है। दीपावली को बाजार उत्सव बनाने की होड़ है। कंपनियों के बम्पर ऑफर के सेल हैं। मीडिया में विज्ञापन हैं। वे आकर्षित करते हैं। पुराना सोना से नया बदलने का प्रचार है। सोना पुराना हो जाता है इसकी चर्चा में स्वर्ण आभूषण कंपनियों के लालच हैं। सीलबंद, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ परोसे जा रहें। कंपनियों के माल के एक नम्बर होने गारंटी है? भारत की परम्परागत मिठाइयों में मिलावट बताई जाती है। कई बार मिलावट पाई भी जाती है। बहुराष्ट्रीय कम्पनी औ? किसी बड़ी कंपनी के किसी खाद्य पदार्थ के नमूने में मिलावट की खबर अभी तक नही आई? मतलब जो बड़ी कम्पनी वह अच्छी जो गांव गली नगर की निर्मित खाद्य वस्तु वह ठीक नही है क्या? उसका कारण कारपोरेट जगत की पकड़ है पूरे तंत्र पर। इस तंत्र ने वस्तुओं को घर पहुंचा देने के डिलेवरी ब्वाय रखे हैं। अब कम्पनी आपके आ घर रही है। कुछ दशकों से सभी उत्सवों के साथ दीपावली में भी परिवर्तन आया है। पूर्व में दीपावली में माटी के दीये और कलश घड़े कुंभकार ही बनाते थे। वही घर-घर पहुंचाते थे। कुम्हारों सहित सभी शिल्पकारों का बड़ा आदर था। अब प्रजापति समाज का आदर भी घटा है। वैदिक काल में कुंभकार, विश्वकर्मा सहित शिल्पियों का सम्मान था। अब मिट्टी के दीये के स्थान पर मोमबत्तियां आई। फिर चीन ने बिजली की रंग बिरंगी झालरें बाजार में उतार दी। चीन ने मूर्तियों के लिए भी भारत को अपना बाजार बनाया। अन्य उपभोक्ता वस्तुओं का भी चीन बड़ा आपूर्तिकर्ता है। कुंभकार भारत सनातन संस्कृति स्थापित स्तंभ रहे हैं। सरकारों ने उनकी उपेक्षा की। जिन तालाबों से वह मिट्टी लाते थे उनमें अवैध कब्जे हुए। सरकारों ने तालाबों के मछली पालन के लिए पट्टे कर दिए। इससे कुम्हार परिवारों के सामने माटी का संकट आ गया। वे शहर की ओर पलायन करने लगे। कुछ तालाब कुंभकार को दिए भी जाने लगे मगर तब तक देर हो चुकी थी। अनेक कुम्हार परिवार रोजी रोजगार के लिए बड़े नगरों की ओर पलायन कर गए कुम्हारों को प्रजापति कहा गया है। हो सकता है वह प्रजापति दक्ष के संबंधी रहे हों। और अब मिट्टी के घड़े की तरह टूट गए। बिखर गए। धीरे-धीरे कुम्हार कुंभकार की संस्कृति के साथ उनकी शिल्प संस्कृति का क्षरण हो रहा है। प्राचीन शिल्प संस्कृति को संजोने की जरूरत है। दीपावली तमस से प्रकाश की यात्रा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत भविष्य के विकास का इंजन

**गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, 2075 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और फाइनेंशियल टाइम्स के मार्टिन वुल्फ के अनुसार, 2050 तक इसकी क्रय शक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका से 30% अधिक हो जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की एमडी क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि भारत को विकास इंजन के रूप में देखा जाता है। क्या कारण है कि कारण अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और प्रमुख अर्थशास्त्री भारत को एक संभावित विकास इंजन के रूप में देखते हैं।**

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**


भारत की जीडीपी संरचनात्मक और संख्यात्मक रूप से बढ़ी है। वह 2009 के 11वें स्थान की तुलना में 2024 के अंत तक चौथे स्थान पर पहुंच गई । इस वृद्धि को घरेलू मांग, युवा और तकनीकी रूप से दक्ष कार्यबल और मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों से बल मिला है। 7.3 ट्रिलियन डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ, भारत की अर्थव्यवस्था, जो वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है के 2030 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। दूरदर्शी सुधार, दृढ़ शासन और मजबूत अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव इस गति के मुख्य चालक हैं। विकास में उल्लेखनीय तेजी आ रही है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत और उन्नत करती है। भारत सरकार ने 2002 में व्यापक रूप से प्रचलित ₹अतुल्य भारत₹ अंतरराष्ट्रीय पर्यटन अभियान शुरू किया था। भारत को राष्ट्रीय उत्साही लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों ने भी अगली महान आर्थिक शक्ति के रूप में सराहा है। गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, 2075 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और फाइनेंशियल टाइम्स के मार्टिन वुल्फ के अनुसार, 2050 तक इसकी क्रय शक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका से 30% अधिक हो जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की एमडी क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि भारत को ₹विकास इंजन₹ के रूप में देखा जाता है। क्या कारण है कि कारण अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और प्रमुख अर्थशास्त्री भारत को एक संभावित विकास इंजन के रूप में देखते हैं। दरअसल पिछले दस वर्षों में सेवाओं और कृषि क्षेत्रों में बनाई गई नौकरियों का प्रतिशत क्रमशः 36% और 19% तक बढ़ गया है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन पिछले दस वर्षों में 2004 और 2014 के बीच 6% से बढ़कर 15% हो गया। भारत के विकास की रीढ़ इसकी बुनियादी संरचना है, जो ऊर्जा, जल आपूर्ति, परिवहन और दूरसंचार सहित दैनिक जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है। यह वह नींव है जिस पर समुदाय एक साथ आते हैं, व्यवसाय समृद्ध होते हैं, और उत्पादों का परिवहन होता है। भारतीय प्रशासन द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास को इसके महत्वपूर्ण महत्व की मान्यता में आक्रामक रूप से प्राथमिकता देने के लिए कई केंद्रित नीतियों और प्रयासों को लागू किया गया है। दूसरी एसेट मोनेटाइजेशन प्लान 2025-2030 के हिस्से के रूप में नई परियोजनाओं में 117 बिलियन अमेरिकी डालर का पुनर्निवेश किया जाएगा भारत की तकनीक-अनुकूल प्रतिभा नवाचार को बढ़ावा दे रही है और अपने वैश्विक कौशल का प्रदर्शन कर रही है, निजी पूंजीगत व्यय में सुधार दिख रहा है और शहरी खर्च बढ़ रहा है। उपभोक्ता खर्च के बदलते रुझानों के अलावा, उपभोग व्यय में लगातार वृद्धि सबसे आकर्षक संकेतों में से एक है जिस पर निवेशक सावधानीपूर्वक नजर रख रहे हैं। वित्त वर्ष 2024-2025 में सकल घरेलू उत्पाद में अनुमानित 61.4% योगदान के साथ, यह सूचक विशेष रूप से भारत में आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन बना हुआ है। विशेष रूप से, इस प्रोत्साहन के दो प्रमुख स्तंभ उभर रहे हैं- शहरी उपभोग और विलासिता की वस्तुओं के प्रति खर्च वरीयताओं में बदलाव। भविष्य में, भारत का उपभोक्ता परिदृश्य एक बड़े बदलाव से गुजरने वाला है। यह अनुमान है कि 2030 तक, देश में लगभग 75 मिलियन मध्यम वर्ग और 25 मिलियन धनी परिवार होंगे, यद्यपि अधिक विकसित देशों में शहरी उपभोग व्यय में वृद्धि धीमी हो रही है, फिर भी प्रमुख भारतीय शहरों के एशिया प्रशांत क्षेत्र में उपभोक्ता व्यय का मुख्य स्रोत बनने की उम्मीद है। भारत तेजी से कम कुशल आउटसोर्सिंग के केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को एक तकनीक-संचालित प्रतिभा केंद्र में बदल रहा है। इसकी आधी से अधिक आबादी 30 वर्ष से कम आयु की है और 2030 तक 100 मिलियन अतिरिक्त होने का अनुमान है। देश अपनी युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी का लाभ उठाकर खुद को तकनीक-सक्षम कार्यबल के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में प्रतिभा के दुनिया के अग्रणी प्रदाताओं में से एक, भारत प्रति वर्ष लगभग 2.5 मिलियन स्नातक तैयार करता है, जो कि अधिकांश विकासशील देशों की तुलना में काफी अधिक है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर बढ़ते जोर के साथ भविष्य की तकनीकी कौशल के मामले में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित और विकासशील दोनों देशों की तुलना में, भारत में एआई कौशल प्रवेश की दर सबसे अधिक है। ईवाई इकोनॉमी वॉच के अगस्त 2025 अंक के अनुसार, भारत दुनिया की पांच प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक सबसे गतिशील अर्थव्यवस्था बन रहा है, जिसके पास अनुकूल जनसांख्यिकी, बचत और निवेश की उच्च दर, और एक स्थायी राजकोषीय स्थिति जैसे मजबूत आर्थिक बुनियादी तत्व हैं। टैरिफ दबाव और व्यापार में गिरावट जैसी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, घरेलू मांग पर निर्भरता और आधुनिक तकनीक में बढ़ती क्षमताओं के कारण भारत लचीला बना हुआ है। दूसरी सबसे ऊंची बचत दर, 2025 में 28.8 वर्ष की मध्य आयु, और सरकारी ऋण-से-जीडीपी अनुपात, जो 2024 में 81.3% से घटकर 2030 तक 75.8% होने की उम्मीद है। इसके साथ प्रतिद्वंद्वियों के विपरीत जिनके ऋण का स्तर बढ़ रहा है—भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2030 तक भारत की जीडीपी $20.7 ट्रिलियन (पीपीपी) तक बढ़ सकती है। यदि आईएमएफ के 2028-2030 के औसत विकास अनुमानों का पालन किया जाए तो भारत की जीडीपी 2038 तक 34.2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे यह पीपीपी के संदर्भ में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान की तुलना में भारत एक अद्वितीय स्थिति में है। 2030 तक अनुमानित 42.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था (पीपीपी) के साथ, चीन आकार के मामले में दुनिया में अग्रणी है, लेकिन अपनी वृद्ध होती आबादी और बढ़ते कर्ज के कारण उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कमजोर विकास दर और जीडीपी के 120% से अधिक के अस्थिर कर्ज के स्तर के बावजूद, अमेरिका फिर भी एक महान राष्ट्र है। अपनी प्रगति के बावजूद, जर्मनी और जापान अपनी उच्च मध्य आयु और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर अपनी निर्भरता के कारण सीमित हैं। दूसरी ओर, युवा आबादी, बढ़ती घरेलू मांग और स्थिर राजकोषीय दृष्टिकोण के संयोजन के कारण भारत की दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति सबसे लाभप्रद है। वैश्विक रेटिंग एजेंसियां लगातार भारत को उच्च अंक देती हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते विश्वास को प्रदर्शित करती हैं, जबकि व्यापक आर्थिक संकेतक बढ़ रहे हैं। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है और मुद्रास्फीति अब नियंत्रण में है। एक सावधानीपूर्वक व्यापक आर्थिक नीति ढांचे ने भारत के स्थिर विकास को सहारा दिया है। खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद, 2016 में मौद्रिक नीति द्वारा लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्य व्यवस्था को अपनाने से मुद्रास्फीति की उम्मीदें स्थिर हुई हैं। जैसा कि बैंक पूंजी में वृद्धि, गैर-निष्पादित ऋणों में कमी और मुनाफे में वृद्धि से स्पष्ट है, वित्तीय क्षेत्र में सुधारों ने नियामक निगरानी को मजबूत करने, वित्तीय बाजारों को गहरा करने और बैंकों व गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की लचीलापन बढ़ाने को प्राथमिकता दी, जिससे वित्तीय स्थिरता में सुधार हुआ है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# यूपी का चमत्कारी पाटेश्वरी मंदिर, त्रेता युग से जल रही है अखंड धूनी

हिंदू धर्म में मां सती के 51 शक्तिपीठों को विशेष दर्जा प्राप्त है। मां सती के 51 शक्तिपीठ अलग-अलग जगह मौजूद हैं और इन शक्तिपीठों के निर्माण का कारण पुराणों में विस्तार से बताया गया है। इन 51 शक्तिपीठों में उत्तर प्रदेश का पाटेश्वरी देवी मंदिर भी शामिल है। यह स्थान सिद्ध शक्तिपीठ के साथ योगपीठ है। यह मंदिर तंत्र साधना के लिए भी प्रसिद्ध है और साधक यहां पर विशेष अनुष्ठान करते हैं। मंदिर के गर्भगृह में स्थित मां की मूर्ति स्वयंभू मानी जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर का इतिहास और महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जहां अब पाटेश्वरी देवी का मंदिर है। वहां पर मां सती का बायां कंधा और पट गिरा था। जिसका खास महत्व माना जाता है। मंदिर में मां पाटेश्वरी देवी की प्रतिमा भी विराजमान है। यह मंदिर उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में स्थित है, जोकि आज भी लोगों के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है।



### आध्यात्मिक उन्नति

नवरात्रि के मौके पर मां पाटेश्वरी की विशेष पूजा की जाती है। ऐसे में इस दौरान अधिक संख्या में दूर-दूर से भक्त आते हैं। जो लोग मां की पिंडी के पास चावल की ढेरी बनाते हैं, जिसके बाद उसकी पूजा कर चावल को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त मां पाटेश्वरी की सच्चे मन से पूजा करते हैं, उनको मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है।

### त्रेता युग से जल रही है धूनी

बता दें कि मां पाटेश्वरी देवी मंदिर में आज भी अखंड धूनी जल रही है। पौराणिक कथा के मुताबिक गुरु गोरक्षनाथ जी महाराज ने त्रेता युग के दौरान मां पाटेश्वरी को प्रसन्न करने के लिए ज्यादा तपस्या की थी। ऐसे में उन्होंने एक धूनी को प्रज्वलित किया था, जो आज भी जल रही है। मंदिर के गर्भ गृह में भक्तों को नियमों का पालन करना पड़ता है। वहीं जो लोग इस मंदिर के राख को अपने घर ले जाते हैं, जिससे जीवन के सभी तरह के कष्ट खत्म हो जाते हैं।

### कुण्ड में स्नान से दूर होता है चर्म रोग

इस मंदिर में एक सूर्य कुण्ड भी है और धार्मिक मान्यता के मुताबिक महाभारत काल के दौरान कर्ण ने इस पवित्र स्थान पर स्नान किया था। फिर सूर्य देव को जल अर्पित किया था और इसी कारण से इस कुण्ड का नाम सूर्य कुण्ड पड़ा। इस कुंड में स्नान करने से चर्म रोगों से छुटकारा मिलता है।

## सेहत

### प्रदूषण से करें खुद का बचाव

दिवाली के बाद से दिल्ली का अदकएक बार फिर ₹बहुत खराब₹ श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे शहर में सांस संबंधी बीमारियों में तेजी से बढ़ती जा रही है। अभी तक एयर क्वालिटी इनडेक्स (ढट2.5 और ढट10) पहुंचा है। वायु की गुणवत्ता खराब होने से फेफड़ों पर असर पड़ता है और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, एलर्जिक राइनाइटिस और गले के संक्रमण को बढ़ा देता है। जिन लोगों को फेफड़ों की बीमारी उनके लिए यह प्रदूषण नुकसान पहुंचा सकता है। आइए आपको बताते हैं कैसे अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**डॉक्टर को कब दिखाएं**

- कुछ दिनों से अधिक समय तक लगातार खांसी या घरघराहट हो।
- सीने में जकड़न, सांस लेने में तकलीफ, या आराम करते समय भी सांस लेने में कठिनाई हो।
- गले में जलन या खराश, नाक बहना, या आंखों में जलन जो ठीक न हो।
- अस्थमा या सीओपीडी जैसी पहले से ही फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित मरीजों को जरुरत पड़ने पर डॉक्टर को जरुर दिखाएं।

**खुद को सुरक्षित कैसे करें**

- जब बाहर प्रदूषण ज्यादा हो तो (सुबह या देर शाम) के दौरान घर के अंदर ही रहें।
- बाहर निकलते समय मास्क पहनें।
- घर में एयर प्यूरीफायर का प्रयोग करें और खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें।
- साइकिल चलाने या जॉगिंग जैसे बाहरी एक्सरसाइज से बचें; इसके बजाय इनडोर वर्कआउट चुनें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## ढलान पर ऑटो लुढ़कना पड़ा भारी अनियंत्रित होकर पलटी एक यात्री की मौत



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत चौंदी के समीप गुरुवार की दोपहर बोरियो-तीनपहाड़ मुख्य पथ पर एक यात्री ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में ऑटो सवार यात्री डालाबाड़ी निवासी बुधु पहाड़िया 60 की मौके पर ही मौत हो गई। उसके सर और सीने में गहरी चोट लगी थी। जबकि धोगौड़ा निवासी देवा पहाड़िया 27, मंगली पहाड़िन 31 अविनाश पहाड़िया 7 घायल बताया जा रहा है। यात्रियों ने बताया कि टेम्पो सवार सभी यात्री मेला देखने धोगौड़ा से कलियानचक जा रहे थे। चौंदी के समीप ढलान के कारण ऑटो बंद कर चलाया जा रहा था। पर ऑटो अनियंत्रित होकर चोंदी मोड़ के समीप पलट गई। सभी घायलों को अन्य यात्रियों की मदद से बोरियो सीएचसी लाया गया। जहां डॉ कुलदीप कुमार ने सभी का प्राथमिक उपचार करते हुए डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल मंगली पहाड़िन को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते पर बोरियो थाना के एएसआई सुधीर तिवारी सीएचसी पहुंच घायलों का स्थिति जाना और मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर मृतक परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।ह्व

## 27 एवं 28 अक्टूबर को मनाया जाएगा छठ महापर्व

**देवघर:** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी रवि ने बताया कि श्रद्धा और आस्था का महापर्व छठ दिनांक- 27.10.2025 एवं दिनांक-28.10.2025 को मनाया जाएगा। ऐसे में छठ पर्व के अवसर पर काफी संख्या में छठ व्रत करने वाले श्रद्धालु एवं अन्य लोग डढ़वा नदी, शिवगंगा घाट, नौलखा, नवाडीह, नन्दन पहाड़ एवं अन्य छठ घाट जाते हैं।

इसके अतिरिक्त उपरोक्त के आलोक में श्रद्धालुओं/आमजनो/छठ व्रतियों को यातायात से संबंधित किसी प्रकार की समस्या न हो एवं शहरी क्षेत्र में जाम की स्थिति नहीं बने इस बात को ध्यान में रखते हुए दिनांक-27.10.2025 को अपराह्न 01:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एवं दिनांक-28.10.2025 को पूर्वाहन 02:00 बजे से पूर्वाहन 09:00 बजे तक नीचे अंकित निम्न स्थलों पर सभी प्रकार के भारी वाहनों के नो इन्ट्री जोन एवं शहरी क्षेत्र अंतर्गत रूट डायवर्ड किया जाता है. सिविल एसडीओ श्री कुमार ने बताया किभारी वाहनो के देवघर शहरी क्षेत्र में प्रवेश निषेध हेतु नो-इन्ट्री जोन बिन्दु इस प्रकार है. आगे उन्होंने बताया किदुमका की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाड़ी को हिण्डोलावरण में.

गोड्डा की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को चौपामोड़ के पास.

गिरीडीह की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को चौधरीडीह मोड के पास,

मधुपुर की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को चाँदडीह के पास,

प्रतिनियुक्त कराना

सारठ की ओर से आने वाली सभी भारी 5 वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को कर्णकोल मोड के पास,

जमुई की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को अंधरीगादर पिकेट के पास,

बांका बिहार की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को कोठिया मोड़ के पास,

बांका बिहार की ओर से आने वाली सभी भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर, एवं अन्य मालवाहक गाडी को रिखिया आश्रम मोड में प्रवेश निषेध बिंदु बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र अंतर्गत शिवगंगा एवं डढ़वा नदी का प्रवेश निषेध बिन्दु एवं वैकल्पिक रूट चार्ट इस प्रकार है.

मेहर गार्डेन, रोहिणी शहीद द्वार,

जसीडीह से देवघर की और जाने वाली सभी छोटी-बड़ी वाहन, रोहिनी शहिद द्वार से दाहिने, रोहिणी बाजार होते हुए कोरियासा, से अपने गंतव्य स्थान की और जाएँगी।

देवघर से जसीडीह की ओर जाने वाली सभी छोटी बडी वाहन, सत्संग ओभर ब्रीज से शंख मोड़ कोरियासा रोहिणी बाजार होते हुए अपने गंतव्य स्थान की जाऐगी।

जसीडीह/नगर थाना

सत्संग गेट से बेलबगान, चमारीडीह, कुमैठा स्टेडियम होते हुए जसीडीह अपने गंतव्य स्थान की और जाऐंगे।

मंदिर क्षेत्र एवं शिवगंगा घाट क्षेत्र में प्रत्येक दिन के लिए नो इन्ट्री जोन प्लान इस प्रकार है.

जलसार से मंदिर जाने का रास्ता।

भारती होटल से मंदिर जाने का रास्ता।

शिवराम झा चौक से मानसिंघी जाने का रास्ता।

जोड़ा तालाब से डायवर्सन एवं मंदिर जाने का रास्ता।

सीता होटल से शिवगंगा जाने का रास्ता।

लक्ष्मीपुर चौंक से शिवगंगा/ मंदिर जाने का रास्ता।

सम्राट होटल से मंदिर जाने का रास्ता।

शिक्षा सभा चौक से आजाद चौक, मंदिर एवं टावर चौक जाने का रास्ता।

डोमासी गली से नर्सिंग सिनेमा हॉल से मंदिर जाने का रास्ता।

विद्यापती चौंक से नर्सिंग सिनेमा हॉल से मंदिर जाने का रास्ता।

ड्रॉलिया गली से मंदिर जाने का रास्ता।

अवंतिका गली से आजाद चौक, मंदिर जाने का रास्ता

टावर चौक से आजाद चौक मंदिर जाने का रास्ता हेतु प्रवेश निषेध बिंदु बनाए गए हैं।

## कलश यात्रा के साथ ऊंटारी में नवनिर्मित सूर्य मंदिर में अनुष्ठान शुरू

विश्रामपुर : पलामू जिले के ऊंटारी रोड प्रखंड के करकटा पंचायत अंतर्गत जमडीहा गांव में नवनिर्मित भगवान आदित्य के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा में जमडीहा सहित आसपास के कई गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पार्षद मनोज कुमार सिंह ने अन्य अतिथियों के साथ श्रद्धालुओं को कलश सौंपकर अनुष्ठान को शुरू किया। यज्ञ कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री सर्वेश्वराचार्य जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ गुरुवार को कलश यात्रा से प्रारंभ होकर 27 अक्टूबर तक चलेगा।

# छठ व्रतियों को किसी प्रकार की भीड़ भाड़ से असुविधा न हो : एसपी

### महापर्व लोक आस्था का पर्व है प्रशासन की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराएं : पंकज मिश्रा



संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों का जायजा लिया गया।झारखंड मुक्ति मोर्चा जेएमएम के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइंद और सीओ वासुकीनाथ टुडू के साथ मोटर बोट से साहिबगंज के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को जिले के विभिन्न मुख्य छठ घाटों का निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई सुरक्षा व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था व भीड़ प्रबंधन की स्थिति का विस्तार से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की भीड़ भाड़ से असुविधा न हो,इसके लिए सभी पुलिस पदाधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारियों को सतर्क रहने एवं अतिरिक्त बल की तैनाती के निर्देश दिए।वहीं जेएमएम केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का पर्व है इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं का जायजा लिया। पंकज मिश्रा ने कहा कि इस बार छठ व्रतियों को पूर्व की अपेक्षा बेहतर सुविधा और व्यवस्थाएं मिलेंगी।उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइंद,नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह,सदर अंचल विकास पदाधिकारी वासुकीनाथ टुडू,एवं थाना प्रभारी भी उपस्थित थे।

## छठ घाटों पर युद्ध स्तर पर तैयारी, 20 चिह्नित घाटों पर सुरक्षा के लिए प्रशासन अलर्ट



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ व्रत नजदीक आते ही उधवा प्रखंड क्षेत्र में भक्ति और उत्साह की लहर दौड़ गई है। आगामी 25 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस महापर्व को लेकर प्रखंड के विभिन्न घाटों पर साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी सोमवारी हाटपाड़ा, धोबी घाट, उधवा कचहरी घाट, बोतलुटोला, फुदकीपुर, मनिहारी टोला, कटहलबाड़ी, राधानगर, अमानत दियारा, मसना और मोहनपुर सहित कई प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। नवयुवक छठ पूजा समिति, उधवा कचहरी घाट के सचिव सुकुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि छठव्रतियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियाँ युद्ध स्तर पर चल रही हैं। उन्होंने कहा घाटों की साफ-सफाई, समतल मिट्टी बिछाने और प्रकाश लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी छठी मइया की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, भव्य पूजा-पंडालों का निर्माण कराया जा रहा है और घाटों को आकर्षक लाइटिंग व सजावट से जगमगाया जाएगा। हमारी समिति का प्रयास है कि व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इधर, प्रखंड प्रशासन ने भी पर्व की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है।बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया कि छठ महापर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कुल 20 छठ घाटों को चिह्नित किया गया है। प्रत्येक घाट पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि श्रद्धालु शांति, श्रद्धा और सुरक्षित माहौल में सूर्य को अर्घ्य दे सकें। बीडीओ ने आम जनता से अपील करते हुए कहा छठ महापर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इसे पूरे अनुशासन, आपसी सौहार्द और स्वच्छता बनाए रखते हुए मनाया जाना चाहिए।

## अशफाक उल्ला खां को राम प्रसाद बिस्मिल का दाहिना हाथ कहा जाता था : राजू सिंह



संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के एलसी रोड में मिल्लत फाउंडेशन ने गुरुवार जंग ए आजादी के हीरो अशफाक उल्ला खां की जयंती मनाई।मास्टर शहबाज ने कहा कि अगर कौमी एकता की मिशेल देखनी हो तो जंग ए आजादी के हीरो राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां की जोड़ी देखें जिसमें अशफाक उल्ला खां ने कहा था कि किसी मुसलमान की भी तो आजादी की लिए फांसी चढ़ने दो।सामाजिक कार्यकर्ता राजू सिंह ने कहा कि अशफाक उल्ला खां को राम प्रसाद बिस्मिल का दाहिना हाथ कहा जाता था। फाउंडेशन के अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि काकोरी कांड में राम प्रसाद बिस्मिल,राजेंद्र लोहरी और ठाकुर रौशन सिंह के साथ उन्हें भी फांसी दे दी गई थी।मौके पर मो आलम,अशोक हरि सहित अन्य भी मौजूद थे।

## साहिबगंज के चित्रगुप्त महराज जी के मंदिर में पूजा अर्चना धूमधाम से सम्पन्न

संवाददाता

**साहिबगंज :** कार्तिक मास की यम द्वितीया दिन गुरुवार को साहिबगंज साक्षरता मोड़ स्थित चित्रगुप्त महराज जी की भव्य मन्दिर में स्थापित संगमरमर की प्रतिमा की पूजा अर्चना साहिबगंज जिला अनतर्गत करीब चार सौ परिवार ने एक साथ मिलकर किया।पूजन उपरांत सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया जिसमें चित्रांश परिवार एवं अन्य सात सौ से भी ज्यादा लोग शामिल हुए। मुख्य यजमान के रूप में राजमहल के जनसेवक-सह प्र0 प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी कैलाश वर्मा एवं उनकी अर्धांगिनी सिंकी रहे साथ ही पुरोहित प्रमोद पांडेय ने पूजन कराया।इस मंदिर के अध्यक्ष कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन हम सभी कायस्थ समाज के लोग कलम-दवात की पूजा करते हैं एवं पुरे साल भर की आय-व्यय का लेखा जोखा अपने इष्टदेव श्री चित्रगुप्त महराज जी को अर्पण करते हैं। उनकी कृपा से आज भी कायस्थ समाज के सभी लोग अत्यंत तीव्र बुद्धि के होते हैं और कई सम्मानित पद पर आसीन भी हैं।देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद से लेकर महानायक अमिताभ बच्चन तक हर क्षेत्र में हम कायस्थ समाज के लोग ही भारत देश की सेवा करते आ रहे हैं।मौके पर पूजा सचिव आलोक वर्मा,राजीव सिन्हा,कोषाध्यक्ष कमलाकान्त श्रीवास्तव,कुमार चंदन,रविन्द्र वर्मा,अरूण श्रीवास्तव अशोक श्रीवास्तव,रमण वर्मा,चंदन श्रीवास्तव तीन पहाड़ विनय वर्मा,रंजीत सिन्हा, विनय सिन्हा,प्रमोद निरंजन,प्रकाश कुमार वर्मा,चीकू,कस्तुरी कृष्णावेदिका वर्मा एवं सभी चित्रांश परिवार शामिल हुए।

## दीवार के क्षतिग्रस्त हो जाने से स्कूल की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ा है : सद्दाम

संवाददाता

**साहिबगंज/ उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय इंग्लिश में अतिरिक्त छह नए कमरों के भवन का निर्माण कार्य शुरू होते ही ठेकेदार की कथित लापरवाही से चारदीवारी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।जिससे विद्यालय की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने चारदीवारी क्षतिग्रस्त होने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार ने मनमानी तरीके से बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के निर्माण सामग्री फेंकने के लिए दीवार को क्षतिग्रस्त किया है। उन्होंने बताया कि दीवार के क्षतिग्रस्त हो जाने से स्कूल की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ गया है। विद्यालय में बच्चों के लिए लाखों रुपए की कीमती शिक्षण सामग्री और अन्य उपकरण रखे हुए हैं। ऐसे में टूटी हुई दीवार के कारण चोरी होने की आशंका काफी बढ़ गई है। उन्होंने क्षतिग्रस्त दीवार की जल्द से जल्द मरम्मत करने की मांग की है। वही अध्यक्ष के विरोध के बाद, ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि नए भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वह क्षतिग्रस्त हुई चारदीवारी की मरम्मत तुरंत करवा देगा। फिलहाल एसएमसी अध्यक्ष ने इसकी शिकायत शिक्षा विभाग से की है। इस संबंध में बीपीओ अटल बिहारी भगत ने बताया कि चारदीवारी तोड़ना सरासर गलत काम किया है। प्रथम द्दष्टया इसमें प्रबंधन समिति को देखरेख करना चाहिए था। इस मामले में प्रबंधन समिति को संज्ञान लेकर ठिकेदार से चारदीवारी मरम्मत की मांग करने की जरूरत है।

## बड़ी काली और बम काली विसर्जन यात्रा में जुटा एक किमी से ज्यादा लंबी भीड़

### कड़ी सुरक्षा के बीच प्रशासन ने संपन्न कराई विसर्जन शोभा यात्रा



संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के चार बड़े काली पूजा समितियों ने गुरुवार को माता काली की प्रतिमा का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया। भक्तों ने मां काली को नम आंखों से विदाई दी। पोखरिया के बड़ी काली महारानी 32 कहार के कंधों में सवार होकर शहर भ्रमण किया। विसर्जन शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा शहर बड़ी काली महारानी का दर्शन करने सड़कों पर उतर गए। उधर सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरे शहर सहित संवेदनशील स्थलों में गश्त करते नजर आए। संवेदनशील क्षेत्रों में भारी संख्या में पुलिस बल व मजिस्ट्रेड की तैनाती की गई। इस दौरान सीसीटीवी, ड्रोन और गुप्त कैमरे से पूरे शहर में नजर रखी गई। विसर्जन रूट में जगह जगह पुलिस कैंप बनाया गया। वहीं शहर की शान माता बम काली की प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा का नजारा सभी ओर दिव्यता बिखेर रही थी। गुल्लीभट्ठा बम काली पूजा समिति के अधिकारियों ने बताया कि यहां 1930 से बम काली की पूजा होती आ रही है। इस बार के विसर्जन यात्रा में कानपुर से आए 11 सदस्यीय टीम शहर के दर्जनों चौक चौराहों पर शिव तांडव कर अलग ही भक्तिमय माहौल बना दिया। यात्रा में पारंपरिक हथियारों से सजा 15 वाहन, लाइट लिए 12 वाहन सहित कुल 35 वाहन शामिल थे। आलम ऐसा था कि यात्रा में शामिल भक्तों की एक किलोमीटर से ज्यादा लंबी भीड़ लग गई। भगवान जगन्नाथ पूरी के तर्ज पर भक्तों ने माता का वाहन खींचकर गंगा तक पहुंचाया। शोभा यात्रा मंदिर से निकलकर पांच मोड़, अलगड़ा चौक, दहला दुर्गा स्थान, गोपाल पुल, महाजन पट्टी, चौक बाजार, गांधी चौक, स्वामी विवेकानंद चौक, नया सड़क, एल सी रोड, सब्जी मंडी, स्टेशन चौक, ग्रीन होटल, कॉलेज रोड, चैती दुर्गा से पूर्वी फाटक तक गई। वहां से घूमकर वापस ग्रीन होटल चौक होते हुए गंगा नदी तक पहुंची। इस दौरान शहर के कई प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं ने यात्रा में शामिल लोगों की शरबत और ठंडा पानी पिलाया। युवकों ने जमकर अखाड़ा खेला। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। गंगा में हाइड्रा की मदद से प्रतिमा का विसर्जन किया गया।


# तारा सुतारिया और वीर पहड़िया की दिखी सिजलिंग केमिस्ट्री

**● खूबसूरत रोमांटिक तस्वीरें शेयर कर कंफर्म किया रिश्ता!**



तारा सुतारिया ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने कथित बॉयफ्रेंड वीर पहड़िया के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।






तारा और वीर की रोमांटिक तस्वीरों को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को पब्लिक प्लेस पर अक्सर साथ देखा गया है। वहीं आज तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया ने अपनी कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर कर फैंस के दिलों को धड़का दिया है। इस जोड़ी की लाजवाब केमिस्ट्री और त्यौहार की चमक फैंस को बेहद पसंद आ रही है।

### तारा का पोस्ट

तारा ने अपनी और वीर की रोमांटिक तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, कल रात मेरे पटाखे के साथ...हमारे सबसे प्रिय के लिए @manishmalhotra 05, मेरा हमेशा पसंदीदा होस्ट..।



# क्या राजकुमार राव के हाथ लगी एक और हॉरर कॉमेडी फिल्म?

अभिनेता राजकुमार राव अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने में उनका कोई मुकाबला नहीं। फिलहाल राजकुमार राव को लेकर ऐसी अटकलें हैं कि वे तेलुगु फिल्म बकासुरा रेस्टोरेंट के हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है।

### लीड रोल को लेकर लग रहे कयास

इंडस्ट्री में चर्चा है कि राजकुमार राव तेलुगु हॉरर-कॉमेडी फिल्म बकासुरा रेस्टोरेंट के हिंदी संस्करण में अभिनय कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक तौर पर ऐसा कोई एलान नहीं किया गया है। लेकिन, सूत्रों का कहना है कि मुख्य भूमिका निभाने के लिए उनके नाम पर चर्चा चल रही है। 123 तेलुगु के अनुसार, राजकुमार राव बकासुरा रेस्टोरेंट के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि इस सुपरनैचुरल फिल्म में वह किस तरह की भूमिका निभाएंगे।

### कब रिलीज हुई थी बकासुरा रेस्टोरेंट

राजकुमार राव हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री और स्त्री 2 में अपने अभिनय का असर दर्शकों पर छोड़ चुके हैं। बकासुरा रेस्टोरेंट की बात करें तो यह फिल्म इसी साल अगस्त में रिलीज हुई।

एसजे शिवा द्वारा निर्देशित और लिखित यह एक तेलुगु हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इसमें प्रवीण, जय कृष्णा, विवेक दंडु, अमर लथु, राम पाटस और शाइनिंग फणी जैसे कलाकार हैं। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### जल्द पापा बनेंगे राजकुमार

राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म मालिक में नजर आए। यह इस साल जुलाई में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। एक्टर की निजी जिंदगी की बात करें तो वे और पत्नी पत्रलेखा जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। कपल अपने पहले बच्चे के स्वागत को लेकर उत्साहित है।

**विद्या बालन ने बताया**

# आकर्षण के नियम की वजह से उन्हें मिली थी परिणीता



**बॉलीवुड** अभिनेत्री विद्या बालन ने सोमवार को बताया कि उन्हें अपनी पहली फिल्म परिणीता कैसे मिली थी। उन्होंने साथ में यह भी बताया कि फिल्म के निर्देशक प्रदीप सरकार के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा। विद्या ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वह सीखो ना नैनो की भाषा पिया गाने पर एक्टिंग करती दिखाई दे रही हैं। इस गाने के बारे में बात करते हुए विद्या ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार यह गाना सुना, तो उन्हें तुरंत यह पसंद आ गया और वह प्रदीप सरकार जैसे निर्देशक के साथ काम करने के सपने देखने लगी थीं। विद्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मुझे गानों पर लिप सिंक करना बहुत पसंद है और यह गाना मुझे बहुत पसंद है। जब मैंने इसे पहली बार देखा, तो मैं प्रसून जोशी के गीत से उतनी ही प्रभावित हुई जितनी कि इसके फिल्मांकन से। इसी दौरान मेरे मन में इस कुशल कहानीकार प्रदीप सरकार के साथ काम करने की इच्छा भी जागी। इसमें उन्होंने आगे बताया कि कैसे उन्हें अपनी पहली फिल्म परिणीता मिली। उन्होंने आगे लिखा, मुझे पता भी नहीं था कि ब्रह्मांड ने अपना जादू चलाना शुरू कर दिया है। कुछ साल बाद मुझे दादा के साथ एक विज्ञापन फिल्म मिली और फिर किस्मत से मुझे उनके तीन म्यूजिक वीडियो में भी काम करने का मौका मिला। सबसे खास बात यह थी कि किस्सों की चादर एल्बम में काम करने का मौका मिला। इतना ही नहीं, आखिरकार दादा ने मुझे परिणीता में लॉन्च किया। आकर्षण के नियम को श्रेय देते हुए विद्या ने अंत में कहा, मुझे नहीं पता कि इसे आकर्षण का नियम कहा जा सकता है या नहीं, लेकिन मुझे पता है कि मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं, जैसे मैं जीवन में बहुत सी दूसरी चीजों के लिए हूं। प्रदीप सरकार की फिल्म परिणीता को कुछ समय पहले ही रिलीज हुए 20 साल पूरे हुए। इस मौके पर मूवी को फिर से री-रिलीज किया गया था। यह फिल्म शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के 1914 के प्रतिष्ठित बंगाली उपन्यास पर आधारित है। इस फिल्म में विद्या बालन और सैफ अली खान की जोड़ी नजर आई थी।

# अब दिल्ली की सत्ता में भूकंप लाएगी हुमा कुरैशी




ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर आने वाली बहुचर्चित सीरीज 'महारानी' के चौथे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। निर्माताओं ने इसके चौथे सीजन की घोषणा कुछ समय पहले की थी। अब इसका ट्रेलर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बार कहानी बिहार की सीमाओं को पार कर सीधे दिल्ली की सियासत में दस्तक दे रही है। सीरीज की नायिका हुमा कुरैशी, यानी रानी भारती, अब बिहार की नहीं बल्कि देश की राजनीति को हिला देने की तैयारी में हैं। ट्रेलर में रानी कहती हैं- अगर आपने हमारे दुश्मन से हाथ मिलाया तो सिंहासन खींच लेंगे आपका।



# कृष्णा श्रॉफ़ का बोल्ड और एलीगेंट अंदाज़ लैक्मे फ़ैशन वीक में दिखीं असली कूट्योर क्वीन की झलक

**लैक्मे** फ़ैशन वीक में कृष्णा श्रॉफ़ ने अपने खास अंदाज़ और फ़ैशन-फ़ॉरवर्ड एलीगेंस के साथ सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। वे डिज़ाइनर जोड़ी शान्तनु और निकिल की बहुप्रतीक्षित पहली वुमेन्स कूट्योर लाइन 'ङ्कद्गद्यश्रह्म्ड्ड' (वेलोरा) के लॉन्च पर नज़र आईं। फैशन-प्रेमी फ़िटनेस आइकॉन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा ने वेलोरा कलेक्शन की ही एक शानदार ड्रेस पहनी थी – एक झिलमिलाती मेटालिक गाउन, जो आधुनिक ड्रामा और टाइमलेस सोफिस्टिकेशन का खूबसूरत संगम थी। यह स्ट्रैपलेस गाउन काले पंखों जैसे टेक्सचर वाले बॉडिस से शुरू होकर नीचे की ओर मेटालिक, चैनमेल-जैसे कपड़े में लहरातीहुई दिखी। जो हर कदम के साथ रोशनी को अद्भुत ढंग से प्रतिबिंबित कर रही थी। ऊपरी हिस्से की कोमल, लगभग जैविक बनावट और निचले हिस्से की कवच-सी चमक के बीच का यह विरोधाभास एक शक्तिशाली और ग्लैमरस दृश्य प्रस्तुत कर रहा था – जैसे किसी आधुनिक योद्धा की झलक और बेहद आकर्षक दोनों था। कृष्णा का स्टाइलिंग सेंस इस लुक को और भी ऊँचाई पर ले गया। उनके बालों को हल्के, उभरे हुए वेव्स में सेट किया गया था, जो उनके चेहरे को खूबसूरती से फ्रेम कर रहे थे – इस पूरे लुक में पुरानी हॉलीवुड-ग्लैमर की झलक देते हुए। मेकअप बेहद सटीक था – न्यूड लिप्स, शार्प कॉन्टूरिंग और सॉफ्ट आई मेकअप, ताकि पोशाक केंद्र में रहे, फिर भी उनकी प्राकृतिक सुंदरता उभरकर दिखे। इस लुक को पूरा किया लॉन्ग डायमंड ईयररिंग्स और चंकी बैंगल-स्टाइल ब्रेसलेट ने, जो गाउन के आर्किटेक्चरल डिज़ाइन के साथ सामंजस्य बिठाते हुए सही मात्रा में चमक जोड़ रहे थे। कुल मिलाकर यह लुक पावरफुल, परिष्कृत, बोल्ड और एलिगेंट था – वही संतुलन जो कृष्णा श्रॉफ़ के व्यक्तिगत स्टाइल को परिभाषित करता है। कूट्योर लाइन के इस लॉन्च पर कृष्णा की मौजूदगी वास्तव में 'ङ्कद्गद्यश्रह्म्ड्ड' कलेक्शन की आत्मा का प्रतीक थी। यह कलेक्शन उन महिलाओं के लिए है जो आत्मविश्वासी, निडर और प्रभावशाली हैं – और कृष्णा श्रॉफ़ इस विज़न की सटीक प्रतिनिधि साबित हुईं। इतने जटिल, बनावट-भरे परिधान को सहजता से, और अपने विशिष्ट उग्र भाव को बनाए रखते हुए, धारण करने की उनकी क्षमता ने साबित कर दिया कि वे एक फैशन शक्ति क्यों बन रही हैं।

# कुब्रा सैत ने जीता दर्शकों का दिल- एक्ट्रेस ने साबित किया कि ईमानदारी, टैलेंट और 2025 की वर्सटिलिटी का परफेक्ट संगम हैं वो



2025 वाकई कुब्रा सैत के लिए एक यादगार साल साबित हुआ है। शाहिद कपूर की देवा में अहम भूमिका निभाने के बाद, अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2* में अपने मस्तीभरे और एनर्जेटिक अंदाज़ से दर्शकों को एंटरटेन करने वाली कुब्रा ने इस साल रियलिटी शो राइज़ एंड फॉल में भी शानदार डेब्यू किया। शो में उनकी एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। उनकी ईमानदारी, चार्म और आत्मविश्वास ने उन्हें सीज़न की सबसे एंटरटेनिंग और निडर पर्सनैलिटीज़ में से एक बना दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने काजोल के साथ द ट्रायल- सीज़न 2 में स्क्रीन शेयर की, जिससे

कुब्रा क कारयर का सुनहरा साल रहा ह। हाल हा म कुब्रा सत न अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक क्वेश्चन एंड आंसर (त्तक्) सेशन रखा। सेशन के दौरान एक फैन ने पूछा, आप इतनी अच्छी कॉमेडी और सीरियस रोल दोनों कैसे निभा लेती हैं?इस पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया, कॉमेडी या सीरियस रोल अच्छा तभी बनता है जब स्क्रिप्ट अच्छी हो, तो एक और फैन ने पूछा, ट्रायल में आपका एक्सपीरियंस कैसा रहा? वैसे, आप मेरी फेवरेट एक्टर हैं! कुब्रा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ओह थैंक यू! ये मेरा पहला दूसरा सीज़न था। बहुत मज़ा आया! एक अन्य फैन ने कुब्रा के मल्टी-फेसिटेड टैलेंट की तारीफ़ करते हुए लिखा, आप तो रॉकस्टार हैं! फिल्म्स, ह्रुञ्ज, होस्टिंग और अब रियलिटी शो – कैसे मैनेज करती हैं सब कुछ?! कुब्रा ने अपने सिग्नेचर स्टाइल में जवाब दिया, मैं एक वॉल्केनो ऑफ टैलेंट हूं। ?? द ट्रायल सीज़न 2 में कुब्रा सैत ने फिर से अपने मशहूर किरदार सना शेख की भूमिका निभाई। पहले सीज़न में इस किरदार को दर्शकों से खूब प्यार मिला था, और दूसरे सीज़न में उन्होंने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से शो में एक नई एनर्जी और डायनमिक्स जोड़ दी। वहीं दूसरी ओर, द ट्रायल सीज़न 2 के अलावा कुब्रा सैत जल्द ही वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आने वाली हैं।

# भारत के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए एडवड्र्स ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल, बियर्डमैन टी20 स्क्वाड में, मैक्सवेल की वापसी

**सिडनी :** न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवड्र्स को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। उन्हें भारत के खिलाफ होने वाले अंतिम वनडे मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वार्शुइस चोट से उबरकर आगामी टी20 श्रृंखला के अंतिम मुकाबलों में वापसी करेंगे। युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को भी भारत के खिलाफ टी20 टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वनडे और टी20 दोनों टीमों में कई बदलावों की घोषणा की। मार्नस लाबुशेन को सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है ताकि वे आने वाले शेफील्ड शील्ड मैच में क्वींसलैंड की ओर से न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ खेल सकें। जोश हेजलवुड और सीन एबॉट टी20 श्रृंखला के अंतिम मुकाबले नहीं खेलेंगे, क्योंकि दोनों आगामी शील्ड मैच के लिए अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। हेजलवुड केवल शुरूआती दो टी20 मुकाबले खेलेंगे, जबकि एबॉट तीसरे टी20 के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे। मैथ्यू कूहनेमन, जिन्होंने पहले वनडे में खेला था, उन्हें तीसरे वनडे के लिए फिर से टीम में बुलाया गया है। इसी तरह



जॉश फिलिप को टी20 टीम में बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है क्योंकि जॉश इंग्लिस अभी भी पिंडली की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। ग्लेन मैक्सवेल, जो पिछले महीने न्यूजीलैंड में अभ्यास सत्र के दौरान कलाई में फ्रैक्चर के कारण शुरूआती दो टी20 से बाहर थे, अब अंतिम तीन मैचों में टीम से जुड़ेंगे। वहीं बेन ड्वार्शुइस, जो पिंडली की चोट के कारण वनडे और शुरूआती तीन टी20 से बाहर थे, अब चौथे और पांचवें टी20 के लिए टीम में लौटेंगे। 20 वर्षीय महली बियर्डमैन को टी20 श्रृंखला के अंतिम तीन मैचों के लिए मौका दिया गया है। यह युवा तेज गेंदबाज 2024 में इंग्लैंड दौरे के दौरान चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर टीम में शामिल हुआ था। हाल ही में वह पर्थ स्कॉर्चर्स और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं – उन्होंने अपने चार लिस्ट-ए मैचों में 12 विकेट 17.75 की औसत से लिए हैं। जैक एडवड्र्स का चयन उनकी हालिया शानदार फॉर्म के चलते हुआ है। उन्होंने भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ए के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया – लखनऊ में 88 रन की पारी खेलने के साथ-साथ कानपुर में 4/56 और 89 रन की पारी खेली। उनकी मौजूदगी से ऑस्ट्रेलिया तीसरे वनडे में एक ऑलराउंडर-प्रधान संयोजन आजमा सकता है और तेज गेंदबाजों को आराम देने का विकल्प भी मिलेगा।

**ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम (तीसरा वनडे बनाम भारत, सिडनी):**

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनॉली, जैक एडवड्र्स, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कूनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फिलिप (विकेटकीपर), मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा

**ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम (भारत बनाम श्रृंखला):**

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट (केवल पहले तीन मैच), जेवियर बार्टलेट,

# लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को मुख्य कोच नियुक्त किया


**लंदन :** इंग्लिश काउंटी क्रिकेट क्लब लंकाशायर ने स्टीवन क्रॉफ्ट को अपना नया मुख्य कोच (हेड कोच) नियुक्त करने की घोषणा की है। क्रॉफ्ट पिछले कुछ महीनों से अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहे थे और उनके सफल कार्यकाल के बाद अब उन्हें स्थायी रूप से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्रॉफ्ट ने मई में डेल बेंकेनस्टीन के पद छोड़ने के बाद कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली थी। सीजन के पहले आधे हिस्से में लंकाशायर एक भी काउंटी चैम्पियनशिप मैच नहीं जीत पाया था, लेकिन टीम ने शानदार वापसी करते हुए डिवीजन-2 में पांचवां स्थान हासिल किया और साथ ही टी20 ब्लास्ट फाइनल्स डे तक का सफर तय किया। स्टीवन क्रॉफ्ट ने क्लब के हवाले से कहा, ह्लइस महान क्लब का मुख्य कोच नियुक्त होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। लैंकाशायर मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा रहा है – एक खिलाड़ी के



रूप में अकादमी से जुड़ने से लेकर टीम की कप्तानी करने तक और अब मैदान के बाहर यह नई भूमिका निभाने तक। उन्होंने आगे कहा, ह्लमुझे गर्व है कि टीम ने पिछले सीजन के दूसरे भाग में जिस तरह से प्रतिक्रिया दी। हमारे पास एक प्रतिभाशाली और जुनूनी दल है जो ह्यरेड रोजह्व का गर्व से प्रतिनिधित्व करता है। अब मेरा लक्ष्य है कि उस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निखारूं और क्लब को फिर से सफलता दिलाऊं। क्रॉफ्ट, जो 41 वर्ष के हैं, 2011 में लंकाशायर की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

# अमेरिका में अलास्का के जंगलों में होगा उत्खनन तेल और गैस निकालने का दिया जाएगा पट्टा

एजेंसी



**वाशिंगटन :** ट्रंप प्रशासन ने अलास्का के आर्कटिक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य में उत्खनन का रास्ता साफ कर दिया। प्रशासन को यहां मौजूद तेल और गैस के भंडार से बड़ा राजस्व मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने गुरुवार को अपनी योजना को सार्वजनिक किया। आर्कटिक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य संयुक्त राज्य अमेरिका के सबसे बड़े बचे हुए प्राचीन वन्य क्षेत्रों में से एक है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह अभयारण्य लगभग 15.6 लाख एकड़ में फैला हुआ है। माना जाता है कि यहां अरबों बैरल तेल का भंडार है। यह अभयारण्य ध्रुवीय भालू, कारिबू, प्रवासी पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास भी है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी राष्ट्रपति ट्रंप ने इस अभयारण्य के संदर्भ में कर विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पट्टे दिए गए। बाद में बाइडेन प्रशासन ने उन पट्टों को रद्द कर दिया। आंतरिक विभाग के सचिव डग बर्गम ने गुरुवार को मुख्यालय में आयोजित अलास्का दिवस के ??कार्यक्रम में प्रशासन के फैसले की जानकारी दी। उन्होने कहा कि इस सर्दी में तटीय मैदान में तेल और गैस पट्टों की बिक्री की जाएगी। अभयारण्य में बाइडेन के कार्यकाल के समय 2021 में रद्द किए गए सात तेल पट्टों को बहाल किया जाएगा। बर्गम ने यह भी घोषणा की कि आंतरिक विभाग ने एक समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। इससे दक्षिण-पश्चिमी अलास्का में इजेम्बेक राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य से होकर एक सड़क का निर्माण संभव होगा। उन्होंने दोहराया कि एजेंसी एक औद्योगिक सड़क को हरी झंडी देगी जो उत्तरी अलास्का में प्रस्तावित तांबे और जस्ता खदान तक पहुंचने के लिए प्राचीन जंगलों को पार करेगी। सनद रहे राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी तेल और गैस उत्पादन का विस्तार करने का बार-बार वादा किया है। प्रशासन की ताजा योजना को इसी वादे का हिस्सा माना जा रहा है। प्रमुख तेल कंपनियों ने पहले इस अभयारण्य में ड्रिलिंग में बहुत कम रुचि दिखाई है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि वे आगामी नीलामी में बोली लगाएंगी या नहीं। कुछ प्रमुख बैंकों ने भी यहां खनन के लिए धन मुहैया नहीं कराने का इरादा जताया है। पर्यावरण समूहों ने योजना के खिलाफ मुकदमा दायर करने का फैसला किया है। अलास्का के रिपब्लिकन सीनेटर डैन सुलिवन ने गृह विभाग के एक कार्यक्रम में कहा, ₹बाइडेन प्रशासन ने पक्षियों की जिंदगी को लोगों की जिंदगी से ज्यादा अहमियत दी है। यह आज खत्म हो रहा है। अलास्का वाइल्डरनेस लीग की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टन मिलर ने एक ई-मेल में लिखा, ₹हम आर्कटिक शरणस्थल के नाजुक तटीय मैदान के औद्योगीकरण के किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे और हर विकल्प मौजूद है।₹ इस सुदूर जगह खनन किया जाए या नहीं, इस सवाल ने लगभग आधी सदी से भीषण राजनीतिक और कानूनी लड़ाइयों को हवा दी है। 1980 में तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने अलास्का राष्ट्रीय हित भूमि संरक्षण अधिनियम पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद अधिकांश हिस्से को निर्जन क्षेत्र घोषित कर दिया और वहां ड्रिलिंग पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन कांग्रेस के रिपब्लिकन सदस्यों ने इस प्रतिबंध को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया और उन्हें 2017 में एक रास्ता दिखाई दिया, जब उन्होंने एक कर विधेयक पारित किया, जिसके तहत 2024 के अंत तक तटीय मैदान में दो पट्टों की बिक्री अनिवार्य कर दी गई। दोनों नीलामी को व्यापक रूप से असफल माना गया। पहली नीलामी में बड़ी तेल कंपनियों की ओर से कोई बोली नहीं लगी और नौ में से सात लीज अलास्का औद्योगिक विकास और निर्यात प्राधिकरण ने हासिल कर ली। दूसरी नीलामी में एक भी बोलीदाता सामने नहीं आया आया।

## बंगाल की खाड़ी में नया निम्नचाप बनने की संभावना, दक्षिण बंगाल में बारिश के आसार

एजेंसी

**कोलकाता :** बंगाल की खाड़ी में एक निम्नचाप कमजोर पड़ने के साथ ही मौसम वैज्ञानिकों ने नया निम्नचाप बनने की संभावना जताई है। अनुमान है कि आज शुक्रवार को दक्षिणझ्रपूर्व बंगाल की खाड़ी में यह नया निम्नचाप विकसित होगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष अब तक बंगाल की खाड़ी में 46 निम्नचाप बन चुके हैं, और आज का निम्नचाप जुड़ने पर संख्या 47 हो जाएगी। मौसम विभाग ने बताया कि नए निम्नचाप के प्रभाव से कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में शनिवार और रविवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दरअसल, अंडमान सागर में बना चक्रवात पहले उत्तरझ्रपश्चिम की ओर बढ़ते हुए स्पष्ट निम्नचाप और फिर गहरे निम्नचाप में बदल गया था। मौसम विभाग का अनुमान था कि यह तंत्र तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की सीमा के पास मुख्य भूमि में प्रवेश करेगा, लेकिन उससे पहले ही इसकी तीव्रता घटने लगी और यह कमजोर होकर स्पष्ट निम्नचाप में बदल गया। अनुमान है कि शनिवार तक यह प्रणाली कर्नाटक के ऊपर से गुजरते हुए अरब सागर तक पहुंच जाएगी। इस बीच, दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर फिर से एक नया चक्रवातीय परिसंचरण बना है, जो शनिवार तक दक्षिणझ्रपूर्व और पूर्वझ्रमध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्नचाप में परिवर्तित हो सकता है। अलीपुर मौसम कार्यालय के अनुसार, अगले 24 घंटों में यह प्रणाली और सशक्त होकर स्पष्ट निम्नचाप का रूप ले सकती है। यह निम्नचाप पश्चिमझ्रउत्तरझ्रपश्चिम दिशा में बढ़ते हुए भारत के दक्षिणझ्रपूर्वी तट की ओर बढ़ेगा। हालांकि मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रणाली का पश्चिम बंगाल के मौसम पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। फिर भी दक्षिण बंगाल के 15 जिलों में से पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर तथा झाड़ग्राम में शुक्रवार से, जबकि बाकी जिलों में शनिवार और रविवार को बिखरी हुई हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है।

## खेकड़ा क्षेत्र में दिव्यांग की पीट-पीट कर हत्या

**बागपत :** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के लहचोड़ा गांव के पास हाइवे किनारे एक दिव्यांग मरणासन्न हालत में पड़ा मिला है। युवक की पहचान खेला गांव के फिरोज के रूप में हुई है। मोके पर पहुंचे परिजनों और पुलिस ने घायल फिरोज को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच जुटी है। खेला गाँव निवासी 40 वर्षीय फिरोज पुत्र रामपाल एक दिव्यांग युवक था। फिरोज अपने भाई ललित की दुकानों की देखभाल करता था। ये दुकान बड़ागांव मोड़ पर स्थित है। गुरुवार की रात वह अपनी दुकान पर सोया था। लेकिन शुक्रवार सुबह 7 बजे वह मरणासन हालत में ईस्टर्न पेरिफेरल के पास पड़ा मिला है। परिजनों का कहना है कि फिरोज के साथ बुरी तरह मारपीट की गई थी । जिससे उसकी हालत गम्भीर थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया ।

## रायपुर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राज्योत्सव की तैयारियों का लेंगे जायजा



**रायपुर :** 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को मनाने के लिए भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज शुक्रवार को राज्योत्सव 2025 की तैयारियों का जायजा लेने नवा रायपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री साय आज सुबह 11:00 बजे मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन रायपुर से प्रस्थान करेंगे। 11:25 बजे नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव मेला स्थल पर पहुंचेंगे, जहां 1:00 बजे तक राज्योत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे मंच व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा, यातायात और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का अवलोकन करेंगे। निरीक्षण के बाद 1:00 बजे मेला स्थल से मंत्रालय महानदी भवन के लिए रवाना होंगे। 1:10 बजे वे मंत्रालय पहुंचकर 5:00 बजे तक कार्यालयीन कार्यों में व्यस्त रहेंगे। मंत्रालय से प्रस्थान कर 5:20 बजे मुख्यमंत्री निवास रायपुर लौटेंगे।

## छठ पूजा हमारे लिए राजनीति का नहीं, बल्कि आस्था का विषय है: मनोज बारोट

एजेंसी



**मुंबई :** वसई विरार शहर महानगरपालिका (वीवीएमसी) क्षेत्र में रहने वाली हजारों महिलाएं पिछले कई वर्षों से मनपा क्षेत्र में स्थित तालाबों या जलाशयों में परंपरा के अनुसार छठ पूजा करती आ रही हैं। हालांकि, बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर, माननीय न्यायालय ने प्रशासन को सभी त्योहारों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने का निर्देश दिया है। न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, वीवीएमसी ने तालाबों और जलाशयों में जाने के बजाय कृत्रिम तालाबों में पूजा करने के निर्देश जारी किए हैं। इससे उत्तर भारतीय समुदाय और छठ पूजा आयोजकों में नाराजगी है। लेकिन, इस विषय पर आपसी सहमति के बजाय कुछ लोग इसको राजनीतिक मुद्दा बनाकर नागरिकों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए भाजपा वसई-विरार जिला महासचिव मनोज बारोट ने मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्त और वसई विरार महानगरपालिका आयुक्त को एक पत्र लिखकर इस विषय पर समन्वय स्थापित करने की मांग की है। भाजपा नेता बारोट ने अनुरोध करते हुए पत्र में कहा है कि एक ओर छठ पूजा उत्तर भारतीय महिलाओं की आस्था से जुड़ा त्योहार है और दूसरी ओर माननीय न्यायालय का आदेश है। इसलिए, माननीय न्यायालय के आदेश और उत्तर भारतीय महिलाओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए एक सही निर्णय लेना आवश्यक है। इसलिए, इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों की तत्काल बैठक बुलाई जानी चाहिए और सभी दलों को इस मुद्दे पर अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। इससे इस मुद्दे पर एक सही निर्णय लिया जा सकेगा और कोई भी राजनीतिक दल इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर नागरिकों को गुमराह नहीं कर सकेगा। ऐसा करने से सभी लोग सम्मान के साथ त्योहार मना सकेंगे और तालुका की कानून-व्यवस्था बरकरार रहेगी।

## असम के युवाओं के लिए वैश्विक रोजगार के अवसर खोलेगा सीएम-फ्लाइट योजना : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने राज्य के युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीएम-फ्लाइट (फॉरेन लैंग्वेज एंड इंटरनेशनल ग्रुमिंग फॉर हॉलिस्टिक ट्रांसपोर्टेशन) कार्यक्रम की शुरूआत की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल के तहत युवाओं को विभिन्न विदेशी भाषाओं और कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे विश्वभर में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत फिलहाल जापानी भाषा के एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें विदेशों में रोजगार दिलाने के लिए एक संपूर्ण समर्थन प्रणाली तैयार की जा रही है, जिससे असम का युवा वर्ग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सके।

## राजस्थान में बढ़ी सर्दी, दक्षिण राजस्थान में बारिश के आसार

**जयपुर :** राजस्थान में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के गुजर जाने और उत्तरी हवाओं के सक्रिय होने से राज्य में ठंड का असर बढ़ने लगा है। शेखावाटी के सीकर, पिलानी और चूरू में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट आ गई, जिससे रातें ठंडी हो गईं। सीकर में तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से करीब पांच डिग्री कम रहा। सुबह और रात के समय लोगों ने हल्की सर्दी महसूस की, वहीं दिन में धूप के कारण मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। वहीं, 26 अक्टूबर से दक्षिण राजस्थान में एक नया मौसमी तंत्र सक्रिय होने जा रहा है, जिससे कोटा और उदयपुर संभाग के जिलों में बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

गुरुवार को प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान में अंतर देखने को मिला। जहां एक ओर सीकर और आसपास के इलाकों में सर्दी बढ़ी, वहीं पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अब भी हल्की गर्मी बनी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 36.3, जोधपुर में 35, गंगानगर में 35.3, बीकानेर में 34.8, चूरू में 34.6 और जयपुर व अजमेर में 32.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। अब अरब सागर में बने डिप्रेशन सिस्टम और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एरिया के प्रभाव से राजस्थान के दक्षिणी भागों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, 25 से 28 अक्टूबर के बीच कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, लेकिन रात के तापमान में दो डिग्री की और गिरावट संभव है।

## उज्जैन: उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने किये महाकाल दर्शन



**उज्जैन :** उत्तराखंड प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने शुक्रवार प्रातःकाल मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ प्राप्त किए। उन्होंने लोककल्याण एवं राष्ट्र उन्नति की कामना की। मंदिर समिति की ओर से भस्म आरती प्रभारी आशीष दुबे द्वारा उनका सम्मान किया गया।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

एजेंसी




**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। इसी तरह डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल नजर आया, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक तेजी के साथ बंद होने में सफल रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.58 प्रतिशत उछल कर 6,738.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 201.40 अंक यानी 0.89 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 22,941.80 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,792.62 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 9,578.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,225.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.23 प्रतिशत उछल कर 24,207.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से सात के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। ताइवान के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने के कारण आज ताइवान वेटेड इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एशियाई बाजार में इकलौता गिफ्ट निफ्टी आज फिलहाल 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 25,952 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,428.39 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,310.71 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। कोस्पी इंडेक्स में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 84.30 अंक यानी 2.19 प्रतिशत उछल कर 3,929.86 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 716.39 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की छलांग लगा कर 49,358 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1313.05 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 164.02 अंक यानी 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,132 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,938.98 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व पोलियो दिवस पर दोहराया टीकाकरण अभियान में खुराक दिलवाने का संकल्प

**भोपाल :** आज यानि शुक्रवार को विश्व पोलियो दिवस है। हर साल 24 अक्टूबर को वर्ल्ड पोलियो डे मनाया जाता है। पोलियो एक गंभीर बीमारी है जिससे ज्यादातर 5 साल से कम उम्र के बच्चे संक्रमित होते हैं। इसलिए पोलियो के वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में इस दिन जागरूकता फैलाई जाती है और पोलियो को समाप्त करने के लिए कैम्पेन चलाए जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व पोलियो दिवस के अवसर पर लोगों से बच्चों को नियमित पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा विश्व पोलियो दिवस प्रेरित करता है कि जन-जन ने जिस एकजुटता से 'पोलियो मुक्त भारत' का संकल्प सिद्ध किया, वह अक्षुण्ण बनी रहे। आइए, बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान में खुराक दिलवाने का संकल्प लें।

### पेट्रोल पंप पर कर्मचारी से मारपीट के मामले में आरएएस अधिकारी निलंबित

**जयपुर :** भीलवाड़ा के एक पेट्रोल पंप पर कर्मचारी को थप्पड़ मारने के मामले में राज्य सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। प्रतापगढ़ में लोक सेवाएं, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग में सहायक निदेशक पद पर कार्यरत आरएएस अधिकारी छोटू लाल शर्मा को सरकार ने निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शर्मा को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जयपुर स्थित शासन सचिवालय के कार्मिक विभाग में रहेगा। आदेश राज्यपाल की अनुमति से संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह ने जारी किया। घटना भीलवाड़ा जिले के जसवंतपुरा स्थित एक पेट्रोल-सीएनजी स्टेशन की है। जानकारी के अनुसार, वहां दो कारें पेट्रोल भरवाने के लिए कतार में लगी थीं। अधिकारी शर्मा अपने परिवार के साथ कार में मौजूद थे। इसी दौरान पंप कर्मचारी ने पीछे खड़ी गाड़ी में पहले पेट्रोल भरना शुरू कर दिया। इस पर शर्मा ने आपत्ति जताते हुए खुद को एसडीएम बताया और कथित रूप से पंप कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। जवाब में कर्मचारियों और अधिकारी के बीच हाथापाई हो गई। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया और कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने पंप के तीन कर्मचारियों दीपक माली, प्रभुलाल कुमावत और राजा शर्मा को हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। उधर आरएएस अधिकारी की पत्नी ने आरोप लगाया है कि पंपकर्मी ने उनके साथ अशोभनीय व्यवहार किया था। इस संबंध में रैला थाना पुलिस जांच कर रही है।

### सुकमा : विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को कम करने उम्मीद एवं मनोदर्पण आधारित मानसिक स्वास्थ्य नीति होगी लागू

**रायपुर / सुकमा :** विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव एवं आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार की देर शाम को छत्तीसगढ़ के सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्रशिक्षण केन्द्रों एवं छात्रावासों में ह्यउम्मीदह्ल एवं ह्यमनोदर्पणह्ल से प्रेरित मानसिक स्वास्थ्य नीति को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। सुकमा जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन और आत्मविश्वास विकसित करने की दिशा में यह नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के तहत 100 या अधिक विद्यार्थियों वाले संस्थानों में प्रशिक्षित परामर्शदाता अथवा मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति अनिवार्य होगी, वहीं इससे कम संख्या वाले संस्थान आवश्यकता अनुसार पंजीकृत मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने यह भी कहा कि शासन की यह पहल विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण, आत्महत्या जैसी घटनाओं की रोकथाम तथा संवेदनशील एवं सहयोगी शैक्षणिक वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक कदम सिद्ध होगी।

### लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी से बदला मध्य प्रदेश का मौसम, आज 9 जिलों में बारिश की संभावना

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज शुक्रवार को 9 जिलों में बारिश होने की संभावना है। अगले तीन दिन में प्रदेश के आधे हिस्से में हल्की बारिश और गरज चमक की स्थिति बनी रहेगी। प्रदेश में बीते 24 घंटे में छिंदवाड़ा, बड़वानी, बुरहानपुर, खरगोन, छतरपुर, अशोकनगर, नर्मदापुरम, धार और सतना में हल्की बारिश हुई। वहीं रात के तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, देश के दक्षिणी हिस्से में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव है। इसका असर मध्य प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। पिछले 24 घंटे में धार, सतना समेत प्रदेश के 9 जिलों में बारिश हुई। वहीं, भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, 25, 26 और 27 अक्टूबर को सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि सिस्टम दक्षिण-पूर्व अरब सागर से होते हुए उत्तर-पूर्व हिस्से की तरफ बढ़ रहा है। अगले 24 घंटे से ही प्रदेश में असर दिखाई देने लगेगा, लेकिन 25 से 27 अक्टूबर के बीच प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी की स्थिति बनी रहेगी। इससे पहले शुक्रवार को बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश में दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी भोपाल में पारा 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इंदौर में 32 डिग्री, उज्जैन में 34 डिग्री, ग्वालियर में 33.8 डिग्री और जबलपुर में अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री रहा। बैतूल, भोपाल, दतिया, गुना, खंडवा, खरगोन, शिवपुरी, दमोह, जबलपुर, रीवा, सतना, सीधी, उमरिया में भी दिन के तापमान में कमी देखने को मिली। इधर, रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। इस वजह से तेज ठंड का असर नहीं है।

### सराफा बाजार में गिरावट जारी, लगातार पांचवें दिन सस्ता हुआ सोना

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट का रुख जारी है। सोने की कीमत में आज लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 750 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 810 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमतों में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,070 रुपये से लेकर 1,25,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,14,640 रुपये से लेकर 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,58,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,25,220 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,14,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# पुलिस ने हथियार के साथ चार अपराधियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**दुमका :** जिला के मसलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक घटना को होने से पहले ही नाकाम कर दिया। गुरुवार देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिदपहाड़ी मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी ( जेएच04 डब्ल्यू-7543 ) में चार से पांच की संख्या में अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में हैं।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेश रंजन ने वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। एसपी के निदेर्शानुसार पर डीएसपी इक्कुड डुंगडुग के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। निदेर्शानुसार गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए सिदपहाड़ी मोड़ के समीप छापेमारी की। इस दौरान



पुलिस ने चार अपराधियों को मौके से धर दबोचने में सफल रही। हालांकि एक अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। तलाशी के दौरान गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन और सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद हुई। पूछताछ में अपराधियों ने खुलासा किया कि वे सड़क पर गुजरने वाले मालवाहक वाहनों से हथियार के बल पर पैसे की उगाही करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने समय पर कार्रवाई कर इस आपराधिक साजिश को विफल कर दिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान जामा थाना क्षेत्र के पंचकटिया गांव निवासी चंद्रशेखर मुर्मू, मसलिया थाना क्षेत्र के सिदपहाड़ी गांव निवासी राहुल मंडल, बलराम मंडल और कठलिया गांव निवासी हरिनारायण मंडल के रूप में हुई।

थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अपराध की योजना बना रहे चार अपराधियों को पुलिस देशी कट्टा और कारतूस सहित धर दबोचने में सफल रही। पुलिस एक अन्य फरार आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने में सफल होगी। उन्होंने बताया कि अपराधियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# केंद्र प्रति नियुक्ति पर पदस्थापित आईपीएस अधिकारी अनीश गुप्ता बनेंगे आईजी

बिनय मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं अपने उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी अनीश गुप्ता को पदोन्नति मिल रही है और वे आईजी बनेंगे इस संदर्भ में पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग के माध्यम से सरकार तक यह पदोन्नति की सूची भिजवा दी है और यथाशीघ्र राज्य सरकार उन्हें आईजी पद पर पदस्थापित करेगी मूल रूप से पंजाब के रहने वाले आईपीएस अधिकारी अनीश गुप्ता की सर्वप्रथम पदस्थापना पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर जिला के घाटशिला एसडीपीओ के रूप में रही तत्पश्चात हुए रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक बनाए गए इसके पश्चात हुए खूंटी जिला के दो बार पुलिस अधीक्षक पश्चिम सिंहभूम के लोकप्रिय एसपी हजारीबाग के पश्चात एसएसपी



रांची भी बनाए गए इसके पश्चात उन्हें डीआईजी में पदोन्नति मिली और उन्हें दक्षिण छोटा नागपुर रांची के डीआईजी बने बाद में वह केंद्र प्रतिनियुक्ति पर चले गए तथा वर्तमान समय में वह सीबीआई के डीआईजी पद पर पदस्थापित है श्री गुप्ता जिन जिलों में पुलिस अधीक्षक के रूप में भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्य से जिला को बेहतर जिला बनाने में सफल रहे तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र खूंटी हजारीबाग पश्चिम सिंहभूम में जिला में भी उनके बेहतर और उत्कृष्ट कार्य से नक्सलियों को बैक फुट पर जाना पड़ा था श्री गुप्ता झारखंड के लोकप्रिय और सफलतम आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं।

# ब्रह्माकुमारी में श्रद्धाभाव से मना भाई-दूज



संवाददाता

**गुमला :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से शिव दर्शन भवन, गुमला में गुरूवार को भाई दूज का पावन कार्यक्रम प्रेम और श्रद्धा से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ओम शांति ध्वनि और मधुर स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद ब्रह्माकुमारी बहनों ने उपस्थित भाईयों को ईश्वरीय तिलक लगाकर आत्म-स्मृति का संदेश दिया गया। बहनों ने बताया कि यह तिलक केवल परंपरा का हिस्सा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के सच्चे संबंध का प्रतीक है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश पांडे ने कहा शिव दर्शन भवन का वातावरण अत्यंत शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है। यहां का तिलक आत्मिक जागृति और ईश्वरीय शक्ति का प्रतीक है। मौके पर सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद बंका ने कहा कि आज के समय में जहां जीवन की गति बहुत तेज हो गई है। सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी ने कहा कि भाई दूज का सच्चा अर्थ है। आत्मा को परमात्मा से जोड़कर अपने जीवन को ईश्वरीय गुणों से भरना। हर भाई को इस दिन यह संकल्प लेना चाहिए कि वह अपने जीवन में शांति, शक्ति और सद्भावना का संचार करे।

कार्यक्रम में बेंगलुरु के सीए शिल्पा बंका, इंजीनियर और प्रोग्राम मैनेजर कोमल बंका, सीए रोहित बंका, व्यवसायी पवन अग्रवाल मनोज अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# ऑपरेशन रेड हंट के तहत 104 लाल वारंट का निष्पादन

संवाददाता

**सिमडेगा :** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन रेड हंट ने दो महीने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। अब तक इस अभियान के तहत कुल 104 लाल (स्थायी) वारंटों का निष्पादन किया जा चुका है। पुलिस विभाग ने इस अभियान को युद्धस्तर पर संचालित करते हुए 11 चरणों में यह उपलब्धि हासिल की है। सिमडेगा एसपी मो अर्शी ने गुरुवार को बताया कि इस अवधि में कुल 51 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जिनके खिलाफ 73 लाल वारंट जारी थे। इसके अलावा, सत्यापन के दौरान 19 वारंटियों को मृत पाया गया, जिन पर कुल 21 वारंट निर्गत थे। इन मृत वारंटियों के दस्तावेज न्यायालय को



प्रस्तुत किए जा चुके हैं। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन रेड हंट के बढ़ते दबाव के चलते छह लाल वारंटियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। हालांकि चार वारंटियों के लाल वारंट विभिन्न कारणों से न्यायालय को वापस किए गए। इन कारणों में वारंटी का पूर्व से जेल में बंद होना, स्थायी पता अन्य जिले का होना और कोर्ट से जमानत मिलना शामिल है। इस अभियान की बदौलत सिमडेगा पुलिस ने जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में महत्वपूर्ण सफलता पाई है। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से लगातार लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के आदेश के बाद जिले की पुलिस बेहतर कार्य कर रही है।

## झामुमो नेताओं की पहल से मजदूर को मिला बकाया वेतन

**परसुडीह :** क्षेत्र के गदड़ा का मजदूर टाटा मोटर्स टाउन डिवीजन में काम करता था. लेकिन उसे पिछले एक महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा था. साथ ही उसे काम से भी बैठा दिया गया था. मजदूर ने इसकी जानकारी सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत को दी. संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने ठेकेदार से वार्ता कर उसे उसका फाइनल वेतन दिलाया. इस अवसर पर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह **झामुमो नेता राजेश सामंत, मुखिया शिवलाल लोहरा, शशि लोहरा, लक्ष्मण मुंडा, रूपम सिंह, छोटे सरदार आदि मौजूद थे.**

## टाटा स्टील में चोरी करते एक पकड़ाया, सौ किलो कॉपर जब्त

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के सुरक्षाकर्मियों ने करीब 100 किलो वजन के कॉपर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. उसको बिष्टुपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है. कंपनी के आइबीएमडी ऑफिस के पास पुराना 33 केवी के सुरंग के पास से उसको पकड़ा गया. पकड़ा गया व्यक्ति जुगसलाई महतो पाड़ा रोड निवासी मोहम्मद शमशाद है. बरामद कॉपर (तांबा) की कीमत करीब 60 हजार रुपये बतायी जा रही है. वह चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद माल को कंपनी परिसर से बाहर ले जाने वाला था, इससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया. बिष्टुपुर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

## छठ में पूजा टॉकिज से सिटी सेंटर तक नो इंट्री

**धनबाद :** लोक-अस्था के पर्व छठ के दौरान छठ घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ के कारण ट्रैफिक पुलिस द्वारा रूट चार्ट जारी किया गया है। 27 और 28 अक्तूबर को क्रमशः सुबह और शाम के अर्घ्य के समय शहर की यातायात व्यवस्था बदल जाएगी। इस दौरान एक ओर जहां भारी वाहनों की शहर में नो इंट्री होगी, वहीं दूसरी ओर शहर के रूट को बदल दिया जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद सिंह ने बताया कि छठ व्रतियों व छठ घाट जाने वाले सभी रास्तों पर श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए उस रूट पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वाहनों को दूसरा रूट दिया गया है। पूजा टॉकीज से सिटी सेंटर तक नो इंट्री बेकारबांध सरोवर में काफी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूजा टॉकिज से सिटी सेंटर तक वाहनों के प्रवेश पर रोक होगी। पूजा टॉकीज और सिटी सेंटर के पास बेरिकेडिंग लगायी जाएगी। संध्या अर्घ्य के दिन दोपहर के एक बजे से रात नौ बजे तक सिटी सेंटर से पूजा टॉकीज तक वाहनों के प्रवेश पर रोक होगी। फिर 28 अक्तूबर की सुबह अर्घ्य के लिए रात के दो बजे से सुबह 9 बजे तक वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस दौरान बैंक मोड़ और स्टेशन से बरटांड़ जाने वाले यात्रियों को कोर्ट रोड, रणधीर वर्मा चौक लुबी सर्कुलर रोड से होकर जाना होगा।

# बरवा पश्चिम के बदले बरवापूर्व स्कूल को आवंटित कर दी 99 डिसमिल जमीन

### अब जमीन मध्य विद्यालय बरवा पश्चिम के नाम आवंटित कराने के लिए स्थानीय लोग व स्कूल के शिक्षक कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं

संवाददाता

**धनबाद :** सरकारी लापरवाही का यह आलम है कि पश्चिम व पूर्व के चक्कर में गलत स्कूल को 99 डिसमिल जमीन आवंटित कर दी गई। अब सुधार के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मामला कृषि बाजार समिति बरवाअड्डा के सामने संचालित मध्य विद्यालय बरवा पश्चिम का है। स्कूल मुख्य सड़क के किनारे बहुत कम जगह पर संचालित है। क्लास रूम की कमी है। एक रूम में कई क्लास के बच्चों को बैठाना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग पर वरीय अधिकारियों ने वर्तमान स्कूल से लगभग आधा किमी दूर एक एकड़ जमीन का आवंटित करने का निर्देश दिया, लेकिन गोविंदपुर सीओ कार्यालय ने मध्य विद्यालय बरवा पश्चिम के बदले मध्य विद्यालय बरवापूर्व के नाम पर जमीन आवंटित कर दी।

अब जमीन मध्य विद्यालय बरवा पश्चिम के नाम आवंटित कराने के लिए स्थानीय लोग व स्कूल के शिक्षक कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय ने पत्राचार किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क के किनारे होने के कारण मध्य विद्यालय बरवा पश्चिम के बच्चों को काफी परेशानी होती है। अभिभावक भी डरे-डरे रहते हैं। इस कारण वर्तमान स्कूल से आधा किमी दूर सरकारी जमीन देने की मांग हमने डीसी व अन्य अधिकारियों से की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरवापूर्व में प्लस टू स्कूल संचालित है। नाम में गलती होने के कारण हमलोगों की परेशानी बढ़ गई है। गोविंदपुर अंचल कार्यालय के अधिकारी जल्द से जल्द इसमें सुधार करें ताकि हमलोग समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय से भवन निर्माण शुरू करने की मांग कर सकें। मामले में गोविंदपुर सीओ धर्मेन्द्र कुमार दुबे बरवा पूर्व के साथ-साथ बरवा पश्चिम के लिए भी जमीन आवंटित कर दी गई है। उनकी समस्याएं दूर कर दी गई हैं। इस पर स्थानीय लोगों ने कहा कि हमलोगों को संशोधित पत्र मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

